नई दिल्ली
शुक्रवार, 2 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 17
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 27

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पहलगाम आतंकी हमले के बीच बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

## भारत को अमेरिका से मिलेंगे 131 मिलियन डॉलर के सैन्य हार्डवेयर



### एफएमएस के तहत होगा सौदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बीच भारत की सैन्य, सामरिक ताकत में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। इसके पीछे की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा भारत के कुल करीब 131 मिलियन डॉलर के सैन्य हार्डवेयर और लॉजिस्टिक सपोर्ट आपूर्ति प्रस्ताव को दी गई मंजूरी है। आतंकी हमले के बीच सामने आया यह निर्णय न केवल भारत और अमेरिका के मजबूत रक्षा सहयोग को प्रमाण प्रस्तुत करता है। बल्कि इससे नापाक दुश्मन के हौसले भी आसानी से पस्त हो जाएंगे। इस समझौते की घोषणा अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) द्वारा की गई है। जिसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

इस समझौते को दोनों देशों के बीच विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। साथ ही अमेरिका द्वारा इसे हिंद प्रशांत क्षेत्र में समुद्री क्षेत्र जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा देने के मद्देनजर क्रियान्वित किया जा रहा है। अमेरिकी पक्ष ने सौदे के साथ ही यह भी साफ कर दिया है उसकी यह कवायद अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की पूर्ति करती है। साथ ही यह एक प्रमुख रक्षा साझेदार के रूप में भारत को रेखांकित करते हुए उसे आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में उठाया गया अहम कदम है।

### भारत-अमेरिका के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच हुई बातचीत

# पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक

खाड़ी, यूएनएससी के अस्थायी सदस्य देशों से बातचीत में जयशंकर ने दोहराई आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सशस्त्र सेनाओं को जवाबी कार्रवाई के लिए हालिया दी गई रणनीतिक छूट के बीच गुरुवार का दिन देश के सैन्य और कूटनीतिक गलियारों में खासी गहमागहमी वाला रहा।

भारत और अमेरिका के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। जिसमें अमेरिका की तरफ से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने अपने भारतीय समकक्षों विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए 26 बेकसूर नागरिकों की मौत पर दुख जताते हुए गहन संवेदनाएं प्रकट की गईं। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने भारत को अपना समर्थन प्रदान करते हुए इस हमले के गुनहगारों ▶▶ शेष पेज 5 पर


फाइल फोटो

### आतंकवाद के खिलाफ भारत-यूएस एकजुट

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि बीते बुधवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की। जिसमें हमले से जुड़े अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाने को लेकर सहमति जताई गई। वहीं, अमेरिकी प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि बीते 30 अप्रैल को विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एस.जयशंकर के साथ बातचीत की। उसमें पहलगाम हमले ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जयशंकर और युल के बीच हुई बातचीत

इन सबके बीच विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने खाड़ी क्षेत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य देश दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-युल से बातचीत की। एक्स पोस्ट में उन्होंने बताया, गुरुवार को दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री से बातचीत हुई। जिसमें पहलगाम हमले के मद्देनजर उनके समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया और सभी रूपों, अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की मुकाबला करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसी के साथ ही 15 सदस्यीय परिषद के नौवें अस्थायी सदस्य देश का हमले के बाद भारत को समर्थन मिला है। पूर्व में विदेश मंत्री की यूएनएससी के 8 अस्थायी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से बातचीत हो चुकी है। यहां बता ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
गुजरात हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड स्तर पर



**नई दिल्ली।** इस साल मई का महीना शुरू होते ही अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर है। भारत का जीएसटी कलेक्शन अप्रैल में बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी महीने के 2.10 लाख करोड़ रुपए से 12.6 फीसदी अधिक है।

### एनटीए ने गलत सूचना फैलाने की पहचान की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक के बारे में फर्जी दावों पर कार्रवाई करते हुए एनटीए ने गलत सूचना फैलाने में शामिल 106 टेलीग्राम और 16 इंस्टाग्राम चैनलों की पहचान की है। प्रश्नपत्र लीक के 1,500 से अधिक दावे सामने आए हैं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं।

### आधी रात को आईएसआई प्रमुख को सौंपी एनएसए की जिम्मेदारी, बंद कर दिए एयरस्पेस

# भारत के हमले के खौफ में है पाकिस्तान सता रही कराची और लाहौर की चिंता

तीन साल में पाक को नया एनएसए नहीं मिला तो अतिरिक्त जिम्मेदारी देना पड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। आए दिन ऐतिहात के तौर ताबड़तोड़ हर कुछ कदम उठा रहा है। उसे सबसे ज्यादा चिंता लाहौर और कराची की है। यही वजह है कि एयरस्पेस बंद कर दिए और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। चूंकि ये दोनों शहर पाकिस्तान के हार्ट कहे जाते हैं इसलिए इनको लेकर ज्यादा चिंता बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान को लगभग तीन साल बाद एहसास हुआ कि उसके देश में कोई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नहीं है।

जल्दबाजी ने आईएसआई प्रमुख प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी है। यहीं नहीं पाई पाई के लिए हैरान परेशान पाकिस्तान अन्य देशों से कर्जा लेने के लिए भी भीख मांग रहा है। भारत के हमले का खौफ इतना ज्यादा है रात दिन बैठकों को दौर चल रहा है लेकिन मतभेदों के चलते कोई ऐसा निर्णय नहीं हो पा रहा है जिससे पाकिस्तान खुद को सुरक्षित और महफूस समझ सके। पाकिस्तान में एनएसए का पद अप्रैल 2022 से रिक्त था, जब ▶▶ शेष पेज 5 पर

**1** भारतीय तटरक्षक बल ने भी गुजरात तट के पास तैनान किए जहाज

**2** लाहौर और कराची पाकिस्तान के महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हैं

**3** भारत की तैयारियों से पाकिस्तान में फैली दहशत



### पाक ने एक महीने के लिए एयरस्पेस किए बंद

पाकिस्तान को लग रहा कि इस बार इंडियन एयरफोर्स फाइटर जेट लेकर शहरों पर अटैक करेगी। यही वजह है कि दोनों एयरस्पेस एक महीने के लिए बंद कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी आर्मी का सारा फोकस अपने शहरों को बचाने पर है। अगर भारत लाहौर या कराची पर हमला करता है, तो यह बहुत गंभीर स्थिति होगी। इससे फुल वॉर शुरू हो सकता है। पाकिस्तान के लिए इसके बहुत गंभीर नतीजे हो सकते हैं। कराची पर हमला पाकिस्तान को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भोपाल में मुस्लिम समाज ने फाड़ा पाक का झंडा, कहा सेना की तरह फ्री हैंड दो

**भोपाल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भोपाल में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। मुस्लिम युवा गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बॉर्डर पर जाकर भारतीय सेना के साथ काम करने की अनुमति मांगी। इस संबंध में जिला



कलेक्टर को समाज के लोगों के नाम और मोबाइल नंबरों की सूची भी सौंपी गई। युवाओं ने कहा कि आतंकवाद की इस कायराना हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध स्वरूप मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान का झंडा फाड़कर उसे पैरों तले रौंदा। वार्ड 41 के पार्षद मोहम्मद रेहान मुस्लिम समाज के लोगों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब समय आ गया है जब देश का मुस्लिम समाज दुश्मनों को करारा जवाब दे। ज्ञापन में लिखा गया है कि हम अपने मादरे-वतन के लिए हर प्रकार के बलिदान को तैयार हैं। देश की रक्षा के लिए हम बॉर्डर पर जाकर सेना का साथ देना चाहते हैं। कृपया हमें अनुमति प्रदान की जाए। हम वचन देते हैं कि अनुशासन और समर्पण के साथ सेना के निर्देशों का पालन करेंगे।

### बैसरन घाटी पहुंचे एनआईए के डीजी सदानंद दाते



पहलगाम आतंकी हमले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद दाते गुरुवार को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम पहुंचे। यहां उन्होंने बैसरन घाटी का दौरा भी किया और सुरक्षा अधिकारियों से हमले से जुड़ी जानकारी ली। इससे पहले रविवार को एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले को जम्मू और कश्मीर पुलिस से अपने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी की मियाद बढ़ी

भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने उन्हें वाघा-अटारी बॉर्डर से वापस जाने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय ने पहले कहा था कि यह बॉर्डर 30 अप्रैल को बंद हो जाएगा। लेकिन अब इस आदेश को बदल दिया गया है। नए आदेश के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पहलगाम से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## क्या आप सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं, लगी फटकार

◆ जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले की न्यायिक जांच के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण समय में देश के हर नागरिक ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है।

कोर्ट ने पूछा कि क्या वे सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं। कोर्ट ने उनसे ऐसे मुद्दों को न्यायिक क्षेत्र में नहीं लाने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहलगाम हमले की जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता फतेह कुमार साहू और अन्य को याचिका वापस लेने के लिए कहा। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वे इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझें और अदालत में ऐसी कोई अपील न करें।



### बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं

पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक से कहा कि आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे जांच में विशेषज्ञ नहीं हैं। वे केवल निर्णय दे सकते हैं और किसी मुद्दे पर निर्णय ले सकते हैं। हमें आदेश पारित करने के लिए मत कहिए। आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं।

### 22 अप्रैल को हुआ था आतंकी हमला

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल बैसरन में गोलीबारी की थी, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें से अधिकतर दूसरे राज्यों से आए थे। घटना ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को बढ़ा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि आतंकी हमले करने वाले, साजिश रचने वाले और मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

## सुजाता चतुर्वेदी ने यूपीएससी की सदस्य के रूप में संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुजाता चतुर्वेदी ने बृहस्पतिवार को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वे युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के खेल विभाग की पूर्व सचिव रही हैं। आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने उन्हें शपथ दिलाई। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातक और इतिहास में स्नातकोत्तर की



उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने लोक प्रशासन में एम.फिल और रूसी भाषा में डिप्लोमा भी किया है। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच की हैं और उन्हें बिहार कैडर आवंटित किया गया था। उनके पास कैडर के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नौसैन्य संस्करण में शामिल हेलिकॉप्ट नहीं भरेंगे उड़ान

## सेना और वायुसेना को मिली ध्रुव हेलिकॉप्टरों के इस्तेमाल की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सैन्य-सुरक्षा तैयारियों को चाक-चौबंद बनाए रखने के मकसद से केंद्र सरकार ने भारतीय सेना और वायुसेना को उनके जंगी बेड़े में शामिल उन्नत हल्के हेलिकॉप्टरों (एएलएच) 'ध्रुव' के फिर से इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। लेकिन नौसेना और तटरक्षकबल फिलहाल इनका प्रयोग नहीं कर पाएंगे और उनके बेड़े में शामिल ध्रुव



हेलिकॉप्टर उड़ान (फ्लीट ग्राउंडेड) नहीं भरेंगे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस साल की शुरुआत में 5 जनवरी 2025 को गुजरात के पोरबंदर के पास तटरक्षकबल द्वारा प्रयोग किया जा रहा एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संविधान टकराव की नहीं, बल्कि संवाद, विमर्श और स्वस्थ बहस की अपेक्षा करता है

## मुझे मुफ़्त में कोई भी चीज़ लेने की आदत नहीं है... मुझे चुनौतियां पसंद हैं: उपराष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्ररपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा, " मुझे चुनौतियाँ पसंद हैं और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें कोई कोताही स्वीकार नहीं की जा सकती।" "थोड़ी देर पहले मुझे कहा, 'आपको भी मुफ़्त में (पुस्तक) नहीं मिलेगी।' महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी, मुझे मुफ़्त में कोई भी चीज़ लेने की



आदत नहीं है...सबसे खतरनाक चुनौती वह है, जो अपनों से मिलती है, जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते ..जो चुनौती अपनों से मिलती है, जिसका तार्किक आधार नहीं है, जिसका राष्ट्र विकास से संबंध नहीं है, जो राज-काज से जुड़ी हुई है। आप ही नहीं, मैं भी बहुत शिकार हूं, महामहिम राज्यपाल, इन चुनौतियों का मैं स्वयं शिकार हूं, भुक्तभोगी हूं। पर हमारे सामने एक बहुत बड़ी ताकत है और हमारी ताकत है हमारा दर्शन और जिन्होंने हमें कह रखा है, जब भी कोई संकट आए, वेद की तरफ ध्यान दो, गीता, रामायण, महाभारत की तरफ ध्यान दो "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एलओसी के समूचे इलाके में जारी पाक सेना की फायरिंग, भारत ने दिया करारा जवाब

## उत्तरी कमांड के कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बीच एक ओर जम्मू-कश्मीर में कुल करीब 778 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के समूचे इलाके में लगातार सप्ताह भर से पाकिस्तान की सेना द्वारा संघर्षविराम का उल्लंघन कर भारत की सेना की चौकियों पर गोलीबारी की जा रही है। जिसमें कुपवाड़ा, उरी, अखनूर के इलाके शामिल हैं। भारत की सेना नापाक फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। वहीं, दूसरी ओर क्षेत्र में सीमाई सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली उत्तरी कमांड के नए कमांडर यानी जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन चीफ (जीओसी-इन-सी) के रूप में



लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति कमांड के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार की जगह पर की गई है। जो कि बीते 30 अप्रैल को सेना में दी गई अपनी लगभग चार दशक लंबी सर्विस के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा उत्तरी कमांड का कार्यभार संभालने से पहले राजधानी में सेना मुख्यालय में उप सेनाप्रमुख और सैन्य अभियान महानिदेशक के पद पर तैनात थे। सेना में वह दिसंबर 1987 में मद्रास रेजिमेंट में कमीशन हुए थे। साथ ही वह एनडीए (खडकवासला), आईएमए (देहरादून) ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हरियाणा पर पंजाब के पानी के हक को छीनने का आरोप

## पंजाब, हरियाणा के बीच जल बंटवारे पर सियासत हुई तेज, सीएम मान ने बुलाया विधानसभा का विशेष सत्र, हरियाणा ने भी आस्तीनें चढ़ाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा के बीच भाखड़ा नहर के पानी के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद अब और गहरा गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार और हरियाणा पर पंजाब के पानी के हक को छीनने का आरोप लगाया है। इस विवाद को लेकर पंजाब सरकार ने दो बड़े कदम उठाने का फैसला किया है।

शुक्रवार को सभी दलों के साथ सीएम बात करेंगे फिर सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया जायेगा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाकर पंजाब के पानी के हक की रक्षा के लिए एकजुट करने की रणनीति बनाई है। सीएम मान विशेष सत्र में केंद्र



सरकार द्वारा पंजाब का पानी छीने जाने का आरोप लगाने की तैयारी में हैं। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के कथित गलत इस्तेमाल पर सवाल खड़े करने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आप को दिल्ली की हार बर्दाश्त नहीं हो रही इसलिए पंजाब में पानी पर राजनीति कर रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जल वितरण के मामले में की जा रही राजनीति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह पीने के पानी का विषय है, इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। पंजाब तो गुरुओं की भूमि है, भगवंत मान को गुरुओं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए मानवता के आधार पर पानी को रोकना नहीं चाहिए। पंजाब हमारा बड़ा भाई है, और उसके द्वारा छोटे भाई ▶▶ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

## मकोका मामले में बाल्यान के खिलाफ किया आरोपपत्र दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने यहां की एक अदालत में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा, जिनके समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई, ने मामले को शुक्रवार के लिए विचारार्थ सूचीबद्ध कर दिया। पूरक आरोपपत्र चार आरोपियों साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू, ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा और बाल्यान के खिलाफ दायर किया गया था। इन सभी आरोपियों को गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू द्वारा कथित रूप से संचालित संगठित अपराध 'सिंडिकेट' के खिलाफ जांच से संबंधित मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया था। बाल्यान को पिछले साल चार दिसंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक अदालत ने उन्हें जबरन वसूली के एक मामले में जमानत दे दी थी।

## हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम को लागू करेगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दिल्ली में हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) को लागू करेगी। इस बात की जानकारी गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने एक समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि एचएमआईएस के तहत दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में मरीज पंजीकरण, अपॉइंटमेंट, बिलिंग, लैब व रेडियोलॉजी जांच, ऑपरेशन थिएटर और वार्ड प्रबंधन जैसे विभिन्न मॉड्यूल लागू किए जाएंगे। यह संपूर्ण प्रणाली आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) से पूर्ण रूप से एकीकृत होगी, जिससे सहमति-आधारित और इंटर ऑपरेबल डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, एबीएचए (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) आईडी का एकीकरण और मरीजों के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हम एक ऐसा डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं, जहां प्राइमरी हेल्थ सेंटर से लेकर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तक का रियल-टाइम डेटा एक ही यूनिफाइड डैशबोर्ड पर देखा जा सकेगा। इससे बेड की उपलब्धता, दवाओं का स्टॉक, जांच और हेल्थ ट्रेंड्स जैसी जानकारियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी।

### शादी का फंक्शन अटेंड करने जा रहा था युवक

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या परिजनों का थाने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी थाना इलाके में एक युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक के परिवार का आरोप है कि पुरानी रंजिश के कारण हत्या की गई है। मृतक युवक की पहचान सूरज (21) के रूप में हुई। हत्या के बाद देर रात परिजनों ने थाने पर जमकर हंगामा किया। आरोपी फिलहाल पकड़ से बाहर है।

डीसीपी आउटर सचिन शर्मा के अनुसार बुधवार रात 9:56 बजे सुल्तानपुरी पुलिस को मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी हॉस्पिटल से सूचना मिली थी। बताया गया था कि एक शख्स को जख्मी हालत में अस्पताल लाया गया है, उस पर संभवत चाकू से हमला किया गया है। सूचना पाते ही तुरंत पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक की पहचान सूरज के रूप में हुई। वह सी 6, ब्लॉक सुल्तानपुरी का रहने वाला था। एक महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू की तो पता चला कि उसके परिवार की सी 10, ब्लॉक में रहने वाले कुछ लोगों से पुरानी दुश्मनी चल रही थी। बुधवार रात करीब 9 बजे सूरज अपने दोस्तों के साथ शादी का फंक्शन अटेंड करने के लिए जा रहा था। रास्ते में उसे रोककर चाकू से हमला किया गया। वहीं बताया यह भी जा रहा है कि मृतक के दोस्तों द्वारा आरोपियों के घर के पास फायरिंग भी की गई। इससे आसपास के लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया। पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कह रही है।

# घरों में लूटपाट करने वाले ताला चाबी गिरोह के तीन बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी जिले की विजय विहार पुलिस ने मध्य प्रदेश के रहने वाले तीन सेंधमारों को गिरफ्तार किया है। यह एक अंतरराज्यीय गिरोह था जोकि दिल्ली आकर बंद घरों को निशाना बनाता था। पकड़े गये आरोपियों के नाम सुरजीत सिंह (41), अनिल सिंह (32) और कीर्तन सिंह (24) है। सभी पेशे से ताला-चाबी बनाने का काम करते है और इसकी आड़ में वारदात करते थे। इनके पास से सोने के आभूषण और नौ दोपहिया वाहनों सहित बड़ी मात्रा में चोरी की संपत्ति बरामद की गई है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 20 अप्रैल को विजय विहार इलाके में चोरी का एक मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सेंधमारों तक पहुंचने का अभियान शुरू किया गया। एसीपी रोहिणी अतुल सूद और विजय विहार एसएचओ अजय कुमार यादव के नेतृत्व में बनी टीम ने जांच शुरू की और कड़ी से कड़ी जोड़ते हुये चोरों तक पहुंची। शिकायतकर्ता ने सोने के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दरअसल जांच टीम सुराग तलाशते हुये महिपालपुर के एक होटल तक गई। इसके बाद आसपास के 50 से अधिक होटलों की तलाशी ली गई और 28 अप्रैल को तीनों को गिरफ्तार किया गया। लगातार पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि वे चोरी करने के इरादे से हर महीने दिल्ली आते थे और दो सप्ताह के अंतराल में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देते थे। महिपालपुर में एक होटल का कमरा बुक करने के बाद वे दिन के दौरान बंद घरों की टोह लेते थे और रात में अपराध को अंजाम देने के लिए दोपहिया वाहन चुराते थे। अधिकारी ने कहा कि वे अक्सर मध्य प्रदेश लौटने से पहले एक ही रात में 10 से अधिक घरों को निशाना बनाते थे। बरामद की गई सामग्री में 22 हजार रुपये से अधिक नकद, सोने की 10 चूड़ियां, दो हार, नौ अंगूठियां, सात जोड़ी झुमके और सोने की चार चेन शामिल हैं। ताला तोड़ने वाला एक विशेष उपकरण भी जब्त किया गया। सुरजीत का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, जिसमें आर्म्स एक्ट के मामले सहित 10 मामले शामिल हैं। अनिल और कीर्तन के खिलाफ भी मध्य प्रदेश में चोरी के कई मामले दर्ज पाये गये हैं।

# फाइव स्टार होटल के सामने हिट एंड रन केस में ली थी शख्स की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



▪ पुलिस ने आरोपी को पश्चिम विहार इलाके से किया गिरफ्तार

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रिंग रोड पर स्थित एक फाइव स्टार होटल के सामने कार से व्यक्ति को उड़ाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तेज रफ्तार कार की टक्कर से शख्स की जान चली गई थी। यह मामला 26 अप्रैल को सामने आया था। मामले में गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम पश्चिम विहार निवासी राजेश मेहता (55) है।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार 26 अप्रैल को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में सूचना मिली कि रिंग रोड पर एक घायल व्यक्ति पड़ा हुआ है। घायल व्यक्ति को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से बरामद आधार कार्ड से मृतक की पहचान मध्य प्रदेश निवासी मुलू (34) के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। इस संबंध में आरके पुरम थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे न होने और भारी यातायात के कारण शुरू में सुराग नहीं मिल पाए। पुलिस ने बताया कि एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसने धौला कुआं से लेकर एम्स और पश्चिमी दिल्ली तक 25 किलोमीटर के क्षेत्र में 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली। सीसीटीवी के विश्लेषण के दौरान घटना के समय कई स्थानों से एक सफेद कार गुजरती हुई दिखी, जिसके चालक की सीट की तरफ एक 'डेंट' था। आखिरकार वाहन पश्चिम विहार में पाया गया। जानकारी जुटाने पर पता चला कि कार एक महिला के नाम पर पंजीकृत थी। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन कार उसका पति चला रहा था। मेहता को पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह एम्स से होते हुए ग्रीन पार्क की ओर तेज गति से वाहन चला रहा था, तभी उसने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और घबराकर मौके से भाग गया। वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

# बैंक से करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



▪ पत्नी पहले पहुंच चुकी है सलाखों के पीछे

आर्थिक अपराध शाखा ने एक ही संपत्ति को कई बार बैंकों के पास गिरवी रखकर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीष ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर यश बैंक से करीब तीन करोड़ का लोन हासिल कर लिया था। बाद में पता चला कि यह संपत्ति पहले से ही अन्य बैंक के पास गिरवी पड़ी है। वहां से भी करोड़ों का लोन उठाया जा चुका है। मामले में आरोपी मनीष की पत्नी अनीता पहले गिरफ्तार हो चुकी है।

एडिशनल सीपी अमृता गुगुलोथ के अनुसार आर्थिक अपराध शाखा को यस बैंक लिमिटेड, राजौरी गार्डन से एक शिकायत मिली थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि नवंबर 2019 में आरोपी मनीष और अनीता ने अपनी कंपनी निटमैक इंडिया लिमिटेड के लिये 3 करोड़ रुपये की वित्तीय सुविधा (ओवरड्राफ्ट सुविधा) देने के अनुरोध के साथ बैंक से संपर्क किया था। इसके एवज में डी ब्लॉक, सेक्टर -8, द्वारका का एक फ्लैट गिरवी रखा गया था। वह फ्लैट अनीता के नाम पर बताया गया था। यह आश्वासन दिया गया था कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार से मुक्त है। बाद में जब लोन चुकाया नहीं गया और आरोपी अपने पते पर नहीं मिले, तो बैंक को संदेह हुआ। पता चला कि लोन प्राप्त करने के लिए गिरवी रखी गई उक्त संपत्ति किसी अन्य बैंक के पास भी बंधक है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने बैंक से लोन सुविधा का लाभ उठाने के लिए गिरवी रखी गई संपत्ति के जाली बिक्री विलेख का उपयोग किया था। इस मामले में सह-आरोपी मनीष के पत्नी अनीता ने भी उसी संपत्ति के खिलाफ ड्यूश बैंक लिमिटेड, कनॉट प्लेस से 2.7 करोड़ रुपये का एक और लोन लिया है। अनीता (42) को इस मामले में 27 अप्रैल 2024 को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। मनीष (45) का जन्म और पालन-पोषण तीन मूर्ति मार्ग क्षेत्र में स्थित नौकरानी क्वार्टर में हुआ, क्योंकि उसके पिता एक सरकारी कर्मचारी थे। वह राजौरी गार्डन क्षेत्र में एक छोटे कपड़े एजेंट के रूप में काम करता था। वर्ष 2018 में उसने अपनी पत्नी अनीता के साथ एक कंपनी निटमैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया और चाणक्य पैलेस, उत्तम नगर में कपड़ों की अपनी खुद की विनिर्माण इकाई शुरू की थी।

# लूट और वाहन चोरी के कई मामलों में चार पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में लूट और वाहन चोरी के कई मामलों में कथित रूप से शामिल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को हुई लूट की लगातार दो घटनाओं के बाद यह गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में, प्रेम आधार अस्पताल के पास एक किराना दुकानदार को चाकू की नोक पर लूटा गया। चार बाइक सवार बदमाश दुकानदार से नकदी, मोबाइल फोन और किराने का सामान लूटकर फरार हो गए। उसी सुबह प्रशांत विहार इलाके में एक और घटना हुई, जहां एक चाय बेचने वाले को निशाना बनाया गया। चार लोगों ने पीड़ित चाय वाले का बटुआ लूट लिया, जिसमें साढ़े चार हजार रुपये नकद और दस्तावेज थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, "आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें बनाई गईं। 15 किलोमीटर के दायरे में 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखे गए। इसके आधार पर शाहिब आलम (24), राहुल कपूर (26), शिवम (24) और सिमरनजीत (22) को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी पहले भी लूट, चोरी और धोखाधड़ी जैसे मामलों में शामिल रहे हैं।" पुलिस ने आरोपियों के पास से दो चोरी के मोबाइल फोन, दो रॉयल एनफील्ड समेत तीन चोरी की मोटरसाइकिल और वारदातों में इस्तेमाल किए गए दो चाकू बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी से पांच मामलों का खुलासा हुआ है, जिनमें दो लूट और तीन मोटर वाहन चोरी के मामले शामिल हैं, जो अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे।

## दिल्ली सरकार फेल, दो महीने में ही बिजली-पानी, सीवर व्यवस्था ठप : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और पूर्व सीएम आतिशी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है। इसके बावजूद दो महीने में ही दिल्ली में बिजली, पानी और सीवर की व्यवस्थाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं और दिल्ली वाले बेहद परेशान हैं। एक तरफ सीवर ओवरफ्लो हो रहा है तो दूसरी घरों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। इसके चलते लोग बीमार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा से दिल्ली और हरियाणा में पानी की व्यवस्था नहीं संभल रही, तो सरकार चलाने की अपनी अयोग्यता छुपाने के लिए पंजाब का बहाना बनाने लगी है। आतिशी ने जल मंत्री के बयान पर कहा कि दिल्ली और हरियाणा में भाजपा से पानी की व्यवस्था नहीं संभल रही, तो अब पंजाब का पानी चुराने चले। अगर हरियाणा और दिल्ली को पानी चाहिए, तो जो सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोका है, वो क्यों नहीं देती केंद्र सरकार।

# राजधानी में अधिकतम पारा गिरने से मिल रही है राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

▪ कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी दर्ज

भीषण के बाद आजकल दिल्ली में अधिकतम पारे में लगातार गिरावट होने की वजह से लोगों को राहत मिल रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 सेल्सियस नीचे गिरकर 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज हुआ। वहीं कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी देखने को मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गत तीन चार दिनों से दिल्ली वालों को हीटवेव यानी लू से राहत मिली हुई है। अधितम तापमान में लगातार गिरावट के चलते इस मौसम के सामान्य तापमान से भी नीचे अधिकतम तापमान गिर गया है। जिसके चलते दिल्ली में इन दिनों मौसम सुहावना कहा जा सकता है। आईएमडी ने अनुमान बताते हुए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि शुक्रवार को भी दिल्ली में मौसम ऐसे ही राहत भरा बना रह सकता है। अधिकतम पारा सामान्य से नीचे रहने के साथ तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। आईएमडी ने बताया कि इसके बाद शनिवार से अगले तीन चार दिनों तक ग्रीन अलर्ट रहेगा जिसमें अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री के बीच रह सकता है। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के चलते राहत बनी रहेगी।

## सीजन में दर्ज हुई सबसे ज्यादा बिजली की डिमांड, 6100 मेगावाट का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** गर्मियों के इस सीजन में गुरुवार को बिजली की सबसे अधिक खपत 6100 मेगावाट पार पहुंच गई। दिल्ली में इस समय पारा राहत वाला है बावजूद इसके राजधानी वालों ने बिजली की खपत बढ़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में बिजली की मांग का आंकड़ा बढ़कर 6108 पहुंच गया। वहीं न्यूनतम माग का आंकड़ा भी पहली बार चार हजार पार 4086 मेगावाट का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली आपूर्ति कंपनियों का कहना है कि देर रात तक यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पहले 30 अप्रैल को 6100, 28 अप्रैल को 6015, 26 अप्रैल को 5782, 24 अप्रैल को 5737 और 7 अप्रैल को 5700 मेगावाट बिजली की मांग दर्ज हुई थी। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है और खपत का आंकड़ा ऊपर जा रहा है।

## गर्मी की शुरुआत होते ही पीने के पानी की भारी किल्लत शुरूः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर आरोप लगाया है कि दिल्ली में अभी भीषण गर्मी की शुरूआत ही हुई है और राजधानी मे पीने क पानी की भारी किल्लत हो गई है। यादव ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन यानी भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अब पंजाब सरकार से पानी आपूर्ति रोकने के नाम पर लड़ाई का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ने की फिराक में है।

# पूरे विश्व को हिंदू समाज और हिंदू जीवन पद्धति की जरूरतः डॉ. कृष्ण गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




▪ केदारनाथ गुप्ता की पुस्तक 'इंक, सैफ्रन एंड फ्रीडम' का विमोचन कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा है कि हिंदू समाज ही एकमात्र ऐसा समाज है जो सहिष्णु है और सभी को स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व को हिंदू समाज और हिंदू जीवन पद्धति की जरूरत है। डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, 15 जनपथ, नई दिल्ली में बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं आरएसएस के स्वयंसेवक केदारनाथ गुप्ता की पुस्तक 'इंक, सैफ्रन एंड फ्रीडम' के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. कृष्ण गोपाल ने ये बात कही। कार्यक्रम में एएनआई के चेयरमैन प्रेम प्रकाश और पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के अलावा राजनेताओं, साहित्य प्रेमियों, विद्वानों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। केदारनाथ गुप्ता ने यह पुस्तक मनोरंजना सिन्हे के सहयोग से लिखी है। पुस्तक का प्रकाशन सुप्रसिद्ध प्रकाशन गृह प्रभात प्रकाशन ने किया है।

गुप्ता ने 'इंक, सैफ्रन एंड फ्रीडम' में भारतीय पत्रकारिता, संस्कृति, आरएसएस की वैचारिक पृष्ठभूमि और भारतीय राजनीति के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की गहराई से पड़ताल की है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ा खतरा असहिष्णुता है, दुनिया को हिंदू समाज और हिंदू जीवन शैली की जरूरत है। उन्होंने उल्लेख किया कि गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन उससे पहले भी, कांग्रेस के नेता अक्सर संगठन को समाप्त करने की बात करते रहते थे। एशियन न्यूज इंटरनेशनल (एएनआई) के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि जबकि उर्दू में दिल्ली के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, यह अंग्रेजी भाषा की पुस्तक आकर्षक अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, खासकर पुरानी दिल्ली के बारे में। उन्होंने टिप्पणी की कि केदार नाथ गुप्ता एक क्रांतिकारी पत्रकार थे जिन्होंने आपातकाल के दौरान भी लिखना जारी रखा।

लेखक केदार नाथ गुप्ता ने कहा ने कहा कि 'आज यहां विमोचित की जा रही मेरी पुस्तक, जीवन के साथ मेरा अपना साक्षात्कार है। इसमें भारत की स्वतंत्रता, भारतीय राज्य का विकास और आरएसएस के साथ मेरे गहरे जुड़ाव का जिक्र है।

# दिल्ली हाट अग्निकांड की पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईएनए इलाके में स्थित दिल्ली हाट में बुधवार देर रात आग लगने की घटना की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच करेगी। इसके लिये इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई है। अग्निकांड में 30 दुकानें जलकर खाक हुई है। करोड़ों का नुकसान बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार बुधवार रात करीब पौने नौ बजे लगी आग का कारण जानने के लिए कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की भी जांच की जा रही है। इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि हमने दिल्ली हाट की दुकानों में लगी आग की विस्तृत जांच शुरू कर रहे हैं। इसके लिए हमने कई टीमें गठित की हैं। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन टीम के घटनास्थल पर पहुंचने और प्रतिक्रिया के समय की भी जांच की जा रही है। आईएनए इलाके के प्रसिद्ध बाजार दिल्ली हाट में भीषण आग लग जाने के कारण 30 से अधिक दुकानें और करोड़ों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल के 13 वाहनों को मौके पर भेजा गया था। दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा भी स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे थे।

## तेज हवा की वजह से फैली थी आग

दमकल विभाग के अनुसार दिल्ली हाट में लगी आग बुझाने में फायर टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन इस सबके बावजूद भी आग की चपेट में आकर 30 टेंडर शॉप जल गई। जब तक आग बुझी नहीं मौके पर अफरा-तफरी मची रही। जिनकी दुकानें आग की चपेट में आ गई थी वे लोग बदहवाश इधर उधर घूम रहे थे। फायर कर्मियों को जल्दी से जल्दी आग बुझाने के लिए गुहार लगा रहे थे। फायर कंट्रोल रूम को रात 8:55 पर आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर डॉ. संजय तोमर ने बताया कि 14 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। आग को तो कुछ ही देर में घेर लिया गया था, लेकिन कूलिंग का कार्य घंटों तक चलता रहा। ज्वलनशील पदार्थ ज्यादा होने और तेज हवा के कारण आग काफी जल्दी फैली, जिसकी वजह से काबू पाने में समय लगा। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और पीड़ति दुकानदारों से बात की। उन्हें सरकार द्वारा हर सम्भव मदद देने का भरोसा दिया गया है।


हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | पंचकूला जिले में कनीपला से डेरा बाजीगरान राजकीय विद्यालय तक रोड का मजबूतीकरण और हार्ड शोल्डरिंग सहित चौड़ा करना (रोड आईडी-10852)। | 28.04.2025 13.05.2025 | 41.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में अतिक्रमण क्षेत्र इस्माइलाबाद से नैसी वाया टाबरा (रोड आईडी-11868) आरडी कि.मी. 2.800 से 3.250 तक रोड का निर्माण। | 28.04.2025 13.05.2025 | 38.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय कॉलोनी में जेडी, जेई, जेएफ, ई, एफ, डी टाइप क्वार्टर्स के लिए मेन निच का एस/आर और बी2, सी-टाइप क्वार्टर्स में एल्यूमीनियम वायरिंग को कॉपर वायरिंग के साथ बदलना + 1 कार्य। | 30.04.2025 07.05.2025 | 27.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में फतेहाबाद कि.मी. 0.00 से 7.05 (रोड आईडी 10170) में मिनी बाईपास पर 30 मिमी. बीसी का प्रावधान (सी.एम. घोषणा कोड सं. 27861 दिनांक 25.07.2024)। | 28.04.2025 12.05.2025 | 201.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | हामिदपुर बंध की मरम्मत और पुनरोद्धार तथा अन्य सम्बद्ध कार्य (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र जिला महेन्द्रगढ़) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.05.2025 | 161.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान और ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग हेतु गांव तालाब धनताल को भरने के लिए 300 मिमी आई/डी डीआई के-9 प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना (धनताल नहरी जल संग्रहण टैंक की मौजूदा 300 मिमी आई/डी डीआई पाइप लाइन से ऑफटेकिंग) (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र में) (अटल भू-जल योजना के तहत)। | बंद होने की तिथि 05.05.2025 | 33.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 7 | वन विभाग चरखी दादरी | वानिकी कार्य दादरी ब्लॉक न्यू प्लांटेशन + 2 अन्य कार्य। | 28.04.2025 05.05.2025 | 55.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/140/34360/I/88/7 दि. 01.05.25

## महाराष्ट्र-गुजरात की सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं देश के लिए गौरव का विषय: सीएम

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र-गुजरात की सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं और नेतृत्व देश के लिए गौरव का विषय है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में महाराष्ट्र एवं गुजरात दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में महाराष्ट्र और गुजरात के लाखों नागरिक निवास करते हैं, जो अपनी मेहनत, समर्पण और कर्मठता से न केवल अपने राज्यों बल्कि पूरे देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इन राज्यों के नागरिकों ने भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवसों को उत्साहपूर्वक और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के निर्णय को आगे बढ़ाने के क्रम में गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में महाराष्ट्र एवं गुजरात दिवस के अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाराष्ट्र और गुजरात की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर, जीवंत परंपराएं एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करना था।

### श्रमिक दिवस के अवसर पर करोल बाग में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में शामिल हुई मुख्यमंत्री

# हमारे श्रमिक राष्ट्र निर्माण की नींव, इनकी देखभाल करना सरकार की जिम्मेदारी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हमारे श्रमिक केवल श्रमिक नहीं हैं, वे हमारे राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके हाथों में सिर्फ औज़ार नहीं, बल्कि विकसित भारत का सपना और संकल्प भी है। इनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। यह बातें गुरुवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर करोल बाग में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, संघर्ष और योगदान को नमन किया। साथ ही उन्होंने श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा और सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज का यह दिन उन श्रमिकों को समर्पित है, जिनके श्रम और संकल्प से यह देश खड़ा है। मैं नमन करती हूं, उन श्रमिकों को, जिन्होंने ईंट पर ईंट रखकर इमारतें बनाई, खेतों में पसीना बहाकर अन्न उगाया, और जिनके परिश्रम से आज भारत विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। सीएम रेखा ने कहा कि दिल्ली के श्रमिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज मिलेगा। पूरे भारत के किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के ज़रिए बिना खर्च के इलाज की सुविधा श्रमिकों को उपलब्ध होगी। साथ ही 70 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए 'वय वंदना योजना' शुरू की गई है। दिल्ली सरकार उनके इलाज, टेस्टिंग और दवाओं का पूरा खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार उन मेहनतकश बहनों के लिए गंभीरता से काम कर रही है जो निर्माण स्थलों पर, घरों में, या अन्य किसी स्थान पर काम करती हैं और जिनके पास छोटे-छोटे बच्चे होते हैं। यदि वह अपने बच्चे की देखभाल के लिए घर पर रुकती है, तो उसकी कमाई रुक जाती है।

### श्रमिकों, गिग वर्कर्स, घरेलू सहायकों और टैक्सी ड्राइवरों के लिए बनेंगे वेलफेयर बोर्ड

मुख्यमंत्री कहा कि दिल्ली में अब तक श्रमिकों, गिग वर्कर्स, घरेलू सहायकों, टैक्सी और ऑटो चालकों जैसे मेहनतकश वर्ग के कल्याण के लिए कोई समर्पित व्यवस्था नहीं थी। लेकिन अब इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग 'वेलफेयर बोर्ड' गठित किए जाएंगे। जैसे कि श्रमिक कल्याण बोर्ड, गिग वर्कर बोर्ड, घरेलू सहायक बोर्ड, और टैक्सी-ऑटो ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड। अब इन सभी के कल्याण, सुरक्षा और अधिकारों की ज़िम्मेदारी दिल्ली सरकार की होगी।

### श्रमिकों को अटल कैंटीन में उपलब्ध कराया जाएगा पांच रुपए में भोजन

सीएम ने कहा कि अक्सर हमारे श्रमिक भाई अपने परिवार से दूर, अकेले दिल्ली में रहकर काम करते हैं। उनके लिए भोजन और रहने की व्यवस्था भी एक चुनौती होती है। इसलिए, दिल्ली सरकार ने तय किया है कि पूरे शहर में 100 'अटल कैंटीन' स्थापित की जाएंगी, जहां गरीबों को मात्र 5 रुपए में उन्हें पौष्टिक भोजन मिलेगा।

## वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एन सरवण कुमार ने संभाली डीडीए के नए उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एन सरवण कुमार ने गुरुवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के नए उपाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। मदुरै में जन्मे और पले-बढ़े कुमार विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट हैं, वे खेल प्रेमी और प्रकृति प्रेमी हैं। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार लगभग ढाई दशक के अपने सर्विस करियर में एन सरवण कुमार ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी, विधि एवं न्याय, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया है। बिहार कैडर के 2000 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार इससे पहले बिहार में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव का पद संभाल रहे थे। अपने कार्य के प्रति उनके समर्पण भाव ने उनके राज्य और उन विभागों को गौरवान्वित किया है, जहां उन्होंने सेवाएं दी है। वह पटना सहित राज्य के विभिन्न जिलों में लगभग 10 वर्षों तक डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट रहे और उन्होंने बाढ़ के दौरान आपदा प्रबंधन कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके लिए उन्हें राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया। सरवण कुमार राज्य में विभिन्न चुनावों के दौरान उन्हें भारतीय निर्वाचन आयोग से चार बार प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हुए।

## हरियाणा और दिल्ली का पानी रोकना पंजाब सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** हरियाणा और दिल्ली का पानी रोकना पंजाब सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। पानी राजनीति का विषय नहीं, जीवन का आधार है और



इसके साथ किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाएगा। यह बात गुरुवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कही। प्रवेश वर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार अब गंदी राजनीति पर उतर आई है। हरियाणा और दिल्ली का पानी रोकना एक गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण कदम है, जो सीधे-सीधे करोड़ों नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ है। जब उन्हें दिल्ली की जनता ने लोकतांत्रिक रूप से नकार दिया, तो अब वह बदले की भावना से जल संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है ताकि हर घर तक साफ और पर्याप्त पानी पहुंचाया जा सके। दिल्ली जैसे विशाल शहर में जल व्यवस्था बनाए रखना आसान नहीं, लेकिन हमने हर चुनौती को स्वीकार किया है। अब जब गर्मी अपने चरम पर है और जनता को सबसे ज्यादा ज़रूरत पानी की है, तब पंजाब सरकार जानबूझकर दिल्ली का हक छीनना चाहती है। यह न सिर्फ असंवेदनशीलता है, बल्कि दुर्भावनापूर्ण राजनीति का निचला स्तर है। उन्होंने कहा कि हम दिल्लीवासियों को प्यासा नहीं रहने देंगे। प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली को भाखड़ा डैम से 270 क्यूसेक पानी मिलता है, जिससे लगभग 76 लाख लोगों को जल आपूर्ति होती है। वहीं दिल्ली को भाखड़ा, यमुना, गंगा, कैरियर लाइन चैनल आदि से कुल 936 एमजीडी पानी विभिन्न स्रोतों से मिलता है। भाखड़ा डैम से दिल्ली को पानी न मिलने पर राजधानी में गर्मी के मौसम में गंभीर जल संकट पैदा हो सकता है। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली की 90 प्रतिशत जलापूर्ति बाहरी स्रोतों पर निर्भर है।

## यह जातिगत जनगणना नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक न्याय स्थापित करने की शुरुआत: देवेंद्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना कराने की घोषणा के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उक्त फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक न्याय स्थापित करने की शुरुआत है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जाति जनगणना से न केवल जातियों की जनगणना होगी, बल्कि उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति के आंकड़े भी देश के सामने आएंगे। जिससे इन वर्गों को शासन और प्रशासन में उचित भागीदारी मिलेगी और सामाजिक न्याय स्थापित होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सरकार पर लगातार बनाया हुआ था। उनके जबरदस्त दबाव के बाद दिल्ली कांग्रेस ने जाति जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले का पूर्ण समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में कहा है कि यह जातिगत जनगणना प्रत्येक जाति की ताकत के आधार पर सभी को सामाजिक न्याय प्रदान करने के लिए देश का एक्स-रे होगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक स्थलों पर कचरा और मलबा फेंकने वालों पर लगेगा भारी जुर्माना : सीएम

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर कचरा और मलबा फेंकने वालों पर अब भारी जुर्माना लगेगा। वहीं दिल्ली के हर गली, सड़क, पार्क को धूल और कचरा से मुक्त करने में चूक होने पर शीर्ष अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को महा स्वच्छता महाअभियान की घोषणा करने के दौरान दी। सीएम ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रैसवार्ता में कहा कि आज से दिल्ली सरकार अगले 20 दिनों तक स्वच्छता का महा अभियान 20 दिनों तक युद्धस्तर पर चलाया जाएगा। सीएम ने कहा कि पहली बार हुआ की दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है और सभी सम्बंधित विभागों की एक ही मंच पर संयुक्त बैठक बुलाई गई जिसमे दिल्ली सरकार,नगर निगम एवं दिल्ली पुलिस तथा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए एमसीडी, दिल्ली पुलिस, डीएम और अन्य सम्बंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने बताया कि इस उच्चस्तरीय बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि दिल्ली में सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का काम सुनियोजित और बड़े पैमाने पर किया जाए। सभी जोनल डीसी, डीएम और डीसीपी की स्पष्ट और व्यक्तिगत जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

## इनोवेशन ही है पॉल्यूशन का सॉल्यूशन : सिरसा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हवा की क्वालिटी सुधारने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को एक 'ओपन इनोवेशन चैलेंज' का ऐलान किया। इस चैलेंज का मकसद आम जनता और नये स्टार्टअप को दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ जारी



लड़ाई में हिस्सा लेने का मौका देना है। सिरसा ने बताया कि सरकार अब ट्रांसपोर्ट को समस्या नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनाने जा रही है। इसके तहत बसों और ट्रकों पर ऐसे डिवाइस लगाए जाएंगे जो हवा में प्रदूषण को कम कर सकें। उन्होंने कहा कि हमने ठान लिया है कि दिल्ली के प्रदूषण को साइंस और टेक्नोलॉजी की मदद से हराएंगे। आमतौर पर प्रदूषण का जनक माना जाने वाला ट्रांसपोर्ट अब इसके समाधान का हिस्सा बनेगा। हम इनोवेशन में विश्वास रखते हैं। इनोवेशन ही पॉल्यूशन को खत्म करेगा। दिल्ली सरकार जल्द ही एक स्कीम लॉन्च करेगी जिसमें आम लोग और स्टार्टअप्स अपने आइडिया दे सकते हैं। ये सुझाव ऐसे उपकरणों से जुड़े होंगे जिन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स की छतों पर लगाकर हवा को साफ किया जा सके। सिरसा ने कहा कि हम भारतीयों में इनोवेशन की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई बार ये इनोवेशन लालफीताशाही और प्रक्रियागत पेचीदगियों में फंसकर दब जाता है। एक साइंटिफिक पैनल इन आइडियाज को तीन बिन्दुओं पर परखेगा-एफिकेसी, कॉस्ट और पावर एफिशिएंसी। जिन प्रस्तावों को अप्रूवल मिलेगा, उनके लिए सरकार टेंडर निकाल सकती है।



**खबर संक्षेप**

## निवेश के नाम पर ठगी आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने



आरोपी कुलदीप अरविंद भाई चोडवादिया निवासी सूरत गुजरात को जेसलमेर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद में रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमे उसने आरोप लगाया कि उसके पास ठगों द्वारा निवेश करने के लिए वाट्सएप पर एक मेसेज आया जिसमें रियायती दरों पर विभिन्न शेयरों की सदस्यता प्रदान करने बारे जानकारी थी।

## ठगी करने के मामले में खाताधारक पकड़ाया

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के जरिये पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में साईबर



पुलिस ने खाताधारको गिरफ्तार किया है। व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया फोन पर 27 मार्च को पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज आया। ठगों से बात कि और उन्होने उसे टेलिग्राम पर जुड़ने की बात कही। जिस पर ठगों ने उसे गूगल मेप की रेटिंग का टास्क दिया।

## साइबर अपराधों पर रोक लगाने गोष्ठी आयोजित

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त एनआईटी मकसूद अहमद ने पुलिस पब्लिक कोरडिनेशन कमेटी



के सदस्यों के साथ मीटिंग का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों पर लगाम लगाने, नशा तस्करी पर प्रहार करने और महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने बारे भी आवश्यक निर्देश दिए गए। जाम लगने व दुकानदारों द्वारा मार्केट में अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पांच दिवसीय 18वें ब्रह्मोत्सव का शुभारंभ

# दक्षिण भारत से आए विद्वानों ने प्रारंभ करवाई पूजा, श्री सिद्धदाता आश्रम में 4 मई तक हो करेंगे विशिष्ट पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्री सिद्धदाता आश्रम का पांच दिवसीय 18वां ब्रह्मोत्सव समारोह गुरुवार को विधि अनुसार प्रारंभ हुआ। इस आयोजन में दक्षिण भारत से आए श्री रामानुज संप्रदाय के विद्वानों ने पूजन करवाया। यहां पांच दिन तक पूजन, प्रवचन, भंडारा, रथयात्राओं आदि का आयोजन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त भागीदारी करेंगे।

श्री वैष्णव परंपरा में ब्रह्मोत्सव को एक प्रकार का स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री सिद्धदाता आश्रम के ब्रह्मोत्सव की शुरुआत अक्षय तृतीया के दिन होती है और पांच दिन तक आयोजन चलता है। दक्षिण भारतीय श्री रामानुज मत को मानने वाले श्री सिद्धदाता आश्रम में अधिपति श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के सान्निध्य में आज ब्रह्मोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसमें अंकुरारोपण, ध्वजारोहण, अग्नि प्रतिष्ठा, भेरी पूजा एवं देवता आवाहन का आयोजन हुआ। विशिष्ठ दक्षिण शैली में पुरोहितों ने पूजन किया। देवता आह्वान के बाद यहां अगले चार दिन भगवान का विभिन्न प्रकार से पूजन किया जाएगा।

1. *ब्रह्मोत्सव को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है*
2. *पांच दिन तक चलेगा आयोजन*
3. *हजारों की संख्या में भक्त शामिल होंगे*
4. *चार दिन भगवान की विभिन्न प्रकार से पूजा-अर्चना की जाएगी*

**सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन होगा**



इसमें 1 मई को सुदर्शन यज्ञ, 2 मई को भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का विवाहोत्सव, 3 मई को श्री रामानुज जयंती पर अभिषेक एवं शोभायात्रा और 4 मई को भगवान श्री लक्ष्मीनारायण एवं अन्य सभी देव विग्रहों के साथ विशाल शोभायात्रा तद्उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### आश्रम में रोशनियों से जगमग है रात्रि की छटा

आश्रम के अधिष्ठाता श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने बताया कि आश्रम के ब्रह्मोत्सव में शामिल होने के लिए भक्तगण पूरे साल इंतजार करते हैं। इसलिए इस आयोजन के लिए तैयारियां भी विशिष्ट होती हैं जिन्हें पूरा करने के लिए भक्त परिवार जुटे रहते हैं। उन्होंने सभी को इस आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। बता दें कि इन दिनों आश्रम विशिष्ट रोशनियों से जगमग है जिसकी रात्रि में छटा देखते ही बनती है।

### उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा- श्रम शक्ति को पहचान पीएम मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया

# श्रमिकों की समृद्धि का संकल्प पूरा कर रही मोदी सरकार: विश्वप्रिय राय चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भाजपा के मजदूर प्रकोष्ठ भारतीय जनता मजदूर सेल (बीजेएमसी) के राष्ट्रीय चेयरमैन विश्वप्रिय राय चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। अब श्रमिकों को समान अधिकार और सम्मान मिल रहा है और उनके हितों की रक्षा की जा रही है। विश्वप्रिय राय चौधरी यहां गुरुग्राम के भगवान परशुराम भवन में श्रमिकों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे। बीजेएमसी की हरियाणा इकाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फ्री हेल्थ चेकअप और कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधाओं का कैंप लगाया गया। जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। चौधरी के साथ बीजेएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्नब चटर्जी, यूथ के राष्ट्रीय प्रेसिडेंट दीपक शर्मा भी कार्यक्रम में पहुंचे। गुरुग्राम पहुंचने पर हरियाणा इकाई के उपाध्यक्ष अमित जीएल शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।



### श्रमिकों के हितों पर हमेशा से ही कुठाराघात किया गया

अब श्रमिकों को समान अधिकार और सम्मान मिल रहा है और उनके हितों की रक्षा की जा रही है। उन्होंने पिछली सरकारों पर श्रमिकों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले महज अपने हित साधने के प्रयास किए जाते थे और देश की नींव कहे जाने वाले श्रमिकों के हितों पर हमेशा से ही कुठाराघात किया जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्र है कि उन्होंने सत्ता में आते ही सबसे पहले श्रमिकों के कल्याण के बारे में सोचा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इस देश के श्रमिकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। श्रमिकों की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति की जाए, यह सुनिश्चित करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

### श्रमिकों के सम्मान, अधिकार और हितों के साथ समझौता नहीं

वहीं अमित जीएल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि देश की श्रम शक्ति को पहचान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। निश्चित ही श्रमिकों को समृद्ध कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के सम्मान, अधिकार और हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आपको हर वह सम्मान मिलेगा, जो इस देश के संविधान में दिए जाने का प्रावधान है, क्योंकि मौजूदा समय में इस देश और राज्य में भी एक ऐसी सरकार है, जो आपके हितों के बारे में दिन-रात सोचती है और हम आपके हितों पर किसी भी प्रकार का कुठाराघात नहीं होने देंगे।

### श्रम विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की तैयार हो रही कुंडली

अपने संबोधन में बीजेएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्नब चटर्जी ने कहा कि उन्हें यह जानकारी मिली है कि हरियाणा प्रदेश में श्रम विभाग के कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। श्रमिकों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। बीजेएमसी ऐसे अधिकारियों की कुंडली यानी सूची तैयार कर रही है। इस सूची की पूरी जांच परख कर इसे प्रधानमंत्री को सौंपा जाएगा। दीपक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिकों के श्रम में शक्ति है। आपके श्रम से ही यह देश विकास की गति पकड़ेगा। आप लोग ही इस देश की नींव हैं। कार्यक्रम में बीजेएमसी की प्रदेश अध्यक्ष साक्षी सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गर्ग, मंजू देवी, सोनिका, भुवनेश्वरी, प्रदेश महासचिव संजय भारद्वाज महेश कुमार, सचिव अनमोल भारद्वाज, पवन सैनी, नीरज शर्मा, सत्येंद्र गुर्जर, प्रवीण खटाना, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन एडवोकेट एवं माता शीतला श्राइन बोर्ड के पूर्व सदस्य ललित शर्मा ने किया।

### बिना जांच निर्दोष कर्मचारी के तबादले से गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# अधिकारियों की तानाशाही बर्दाश्त नहीं होगी: सुभाष लांबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई जितेन्द्र ढुल के निर्देश पर निर्दोष कर्मचारी राजबीर के किए तबादले से गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के प्रधान करतार सिंह ने की। प्रदर्शन में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार, पूर्व उप प्रधान सतपाल नरवत, यूनिट के नेता रामकेश, वेद प्रकाश, विनोद शर्मा आदि भी पहुंचे और एक स्वर में एसई फरीदाबाद की तानाशाही और टकराव की नीति की घोर निंदा की।

बिजली कर्मचारी नेताओं ने कहा कि किसी कंज्यूमर ने राजबीर सिंह एएलएम की शिकायत की थी। जिसमें एसई फरीदाबाद का नाम भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एसई ने बिना जांच करवाए बिना राजबीर का तबादला कर दिया। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों कैबिनेट मंत्री ने एससी समुदाय से संबंधित के साथ गाली-गलौच किया। तबादले की धमकी दी और कान पकड़वा कर माफी मंगवाई। जबकि एसडीओ की कोई गलती नही थी।

लेकिन वहां मौजूद एसई ने एक शब्द भी नहीं बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एसई फरीदाबाद ही अधिकारियों पर दबाव डालकर कर्मचारी नेताओं के खिलाफ शिकायत करवाते हैं। किसान व कर्मचारी नेता सतपाल नरवत, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार ने कहा कि पिछले दस दिनों से आंदोलन चल रहा है, लेकिन अधिकारी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे। जिससे आंदोलन बढ़ता जा रहा है।

### मई दिवस पर मजदूरों के संघर्ष को किया याद

# मजदूरों के लिए बने कानूनों से अवगत कराएं रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को भी सुलझाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की गुरुग्राम इकाई की मासिक बैठक वीरवार को कमला नेहरू पार्क में जिला प्रधान कृपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक का संचालन जिला सचिव भूप सिंह ने किया। प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा व कोषाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने इस बैठक में शिरकत की। बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं सरकार से भी पहलगाम नरसंहार के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के साथ ही उन्हें




शरण देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की मांग की। बैठक के दौरान अपने संबोधन में राज्य मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूरों के अधिकारों के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले मजदूरों की याद में मनाया जाता है। 1886 अमेरिका में मजदूरों के कार्य दिवस 8 घंटे करने की मांग को लेकर मजदूरों ने संघर्ष किया था। जिसमें वहां की सरकार ने हजारों मजदूरों को शहीद कर दिया था। उन्हीं की याद में मजदूर दिवस को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में सबसे पहले मई दिवस वर्ष 1923 में चेन्नई में मनाया गया था। बैठक में उन्होंने मजदूरों के लिए बने कानूनों के बारे में भी सभी को अवगत करवाया। जिला प्रधान कृपाल सिंह कहा कि केंद्र सरकार वित्त विधेयक की आड़ में पेंशनरों की पेंशन में बढ़ोतरी को बंद करने की फिराक में है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

राज्य कोषाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने बताया कि इस संबंध में संगठन की ओर से मुख्यमंत्री से समय देने की अपील की गई है ताकि बातचीत के माध्यम से रिटायर्ड कर्मियों की मांगों को सुलझाया जा सके। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के देशराज यादव, भूप सिंह, मोतीराम, समय सिंह, ईश्वर, मलखान सिंह, धर्मवीर, रामफूल, श्याम वीर, विजेंद्र कुमार, इंद्र सिंह मेहरा, गजराज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव नीमका में जमीन विवाद में हत्या के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव नीमका में जमीनी विवाद में हुई हत्या के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी आईएमटी बल्लभगढ़ में हरेंद्र पुत्र जीत सिंह निवासी नीमका ने एक शिकायत दी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि कुछ लोगों ने उनके खेत की नहरी पानी की नाली काट दी थी। जिसको वह अपने परिवार के लोगों के साथ नाली को बना रहे थे। जो मौके पर कुछ नामजद व्यक्ति व कुछ अन्य लोगों नें गाली गलोच कर झगड़ा शुरु कर दिया। जिसमें उन्होंने कुछ अन्य लोग गांव मुजेड़ी व नवादा से बुला लिए और हाथापाई शुरु कर और केविंदर के सिर में फावड़ा मार था जिसको ईलाज दौरान केविंदर को लगी चोटो के कारण उसकी मौत हो गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने हत्या के मुख्य आरोपी सोहित निवासी गॉव नवादा फरीदाबाद को गांव नीमका एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोहित ने पूछताछ में बताया कि उसे घटनास्थल पर उसके एक अन्य साथी ने फोन करके वहां बुलाया था, जहां रमेश, केशराम व अन्य आरोपी पहले से मौजूद थे तथा नहरी पानी निकालने को लेकर केवेंद्र व हरेंद्र से आरोपी कहासुनी कर रहे थे, कहासुनी इतनी बढ़ गई की दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें आरोपी सोहित ने केवेंद्र के सिर में फावड़ा दे मारा, लगी चोटों से केवेंद्र की मृत्यु हो गई तथा आरोपी सोहित वहां से फरार हो गया। मामले में पहले ही आरोपी रमेश व केशराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# जातीय जनगणना से सामाजिक क्रांति के साथ साथ देश में आर्थिक समीकरण भी बदलेंगे: रावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक रावल ने कहा है कि जातीय जनगणना से सामाजिक क्रांति के साथ-साथ देश में आर्थिक समीकरण भी बदलेंगे। दलित नेता ने कहा कि अब समय आ गया है कि सबको बराबर का अधिकार मिलें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वास्तव में सामाजिक न्याय के सच्चे योद्धा हैं। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में कहा था कि जब तक जाति जनगणना नहीं हो जाती हम लगातार संघर्ष करते रहेंगे। आज उसी का परिणाम है कि भारत सरकार जाति जनगणना करने पर मजबूर हो गई है। हम सरकार के इस फैसले का स्वागत



करते हैं। अशोक रावल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का संकल्प रहा है कि सबको न्याय मिले जाति जनगणना कराने से आदि वासियों, वंचित समाज, कमरे वर्ग, गरीबों और समाज के अंतिम पायदान पर बैठे उन लोगों को मिलेगा जो सामाजिक न्याय आर्थिक लाभ से अब तक दूर रहें।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी हिसार | भिवानी में सिटी एरिया में 4 अदद पार्कों में फुटपाथों का सौन्दर्यीकरण और रोशनी की व्यवस्था। | बंद होने की तिथि 05.05.2025 | 110.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9672809402 xenelect.hisar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34358/I/88/7 दि. 01.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | सात वर्ष हेतु नांगल चौधरी में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एम.एस. डब्ल्यू. का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों हस्तांतरण स्टेशन प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | बंद होने की तिथि 15.05.2025 | 312 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 [illegible] |
| 2 | नगर पालिका नांगल चौधरी | शमशान घाट रोड नोलयाजा वार्ड नं. 5 के लिए चारदिवारी / टो वॉल + 21 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.05.2025 | 2.04 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34369/I/88/7 दि. 01.05.25

# 4 मई को एनआईटी विस में सीएम नायब सिंह सैनी की भव्यजन आभार रैली

# मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए की जाएगी ऐतिहासिक घोषणाएं: सतीश फागना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 4 मई को शाम 4 बजे फरीदाबाद की एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में स्थित डबुआ सब्जी मंडी में आयोजित जन आभार रैली को संबोधित करेंगे। यह विशाल जनसभा एनआईटी के विधायक सतीश फागना द्वारा आयोजित की जा रही है, जो क्षेत्र की आवाज बनकर निरंतर जनसेवा में लगे हुए हैं। इस रैली में विशेष रूप से शामिल होंगे भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद चौधरी कृष्णपाल गुर्जर, जिनका फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एनआईटी के विधायक सतीश फागना ने प्रेस वार्ता कर जन आभार रैली के विषय में जानकारी सांझा की। प्रेस वार्ता में बल्लभगढ़ जिले के जिलाध्यक्ष सोहनपाल सिंह,



वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी, पार्षद भगवान सिंह, मुकेश डागर, राजेश डागर, गायत्री देवी, पार्षद प्रतिनिधि जयवीर खटाना, नीरज भाटिया, महेश लोहिया, सुरेंद्र भड़ाना, संदीप भड़ाना के अलावा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

विधायक सतीश फागना ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह रैली केवल धन्यवाद ज्ञापन का मंच नहीं है, बल्कि यह एनआईटी विधानसभा के भविष्य की नींव रखने वाला एक ऐतिहासिक क्षण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने दूरदर्शी नेतृत्व में जिस प्रकार से हरियाणा को हर क्षेत्र में विकसित और सशक्त राज्य बना रहे हैं, इस रैली में एनआईटी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए नई योजनाओं और बजट घोषणाओं की सौगात देंगे। स्वच्छ पेयजल पहुंचे, सड़कों और गलियों का निर्माण हो, बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो, सीवर, ड्रेनेज और सड़कों की समस्याओं का स्थाई समाधान मिले, कूड़ा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएं और क्षेत्र को एक स्मार्ट, स्वच्छ और समृद्ध विधानसभा के रूप में विकसित किया जाए।

# जीडीए ने अवैध कालोनियों को किया धवस्त

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर गुरुवार को जोन 2 के जलालपुर, गांव सरना और बसंतपुर सेंतली में चला । जहां पर जीडीए की टीम ने करीब 40 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही तीन कलौंजियों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। उपाध्यक्ष के निर्देश पर अवैध निर्माण पर गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में चले अभियान में चतरपाल ल द्वारा खसरा संख्या-144,ग्राम-जलालपुर, रघुनाथपुर पाईप लाईन रोड मुरादनगर गाजियाबाद पर लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग व राजेन्द्र व अन्य द्वारा मेरठ-दिल्ली मार्ग, निकट मैट्रो होम, मुरादनगर, ग्राम बसन्तपुर सैंथली के खसरा सं०-618 पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया गया था। जिसे ध्वस्त कर दिया गया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, मालिक मेसर्स बालक नाथ टेक्सटाइल्स, निवासी डी-8/बी, बेसमेंट सेंट्रल मार्केट, लाजपत नगर-II, दिल्ली-110024** ने **CC No. 511589/16, 522310/16, 522519/16 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 511589/16, 522310/16, 522519/16 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री देशना गोलेच्छा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-07 (केंद्रीय)**
**कमरा संख्या 507, एक्सटेंशन ब्लॉक**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/5430/N/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जाहिद, पुत्र जहीर निवासी वेगाबॉन्ड पटरी, हनुमान मंदिर, कश्मीरी गेट, दिल्ली** ने **FIR No. 463/2021 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जाहिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जाहिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 463/2021 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जाहिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री सायशा चड्डा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/5205/N/2025(Court Matter)**

# पेज एक का शेष

## पहलगाम हमले के...

को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में खड़ा करने पर जोर दिया। उधर, विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मार्को रुबियो के अलावा 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 10 अस्थायी सदस्यों में शामिल दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-युल से भी टेलीफोन पर बातचीत की।

**भारत को प्रतिरक्षा का अधिकार:** हेगसेथ - रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 1 मई को अमेरिका के विदेश मंत्री पीट हेगसेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को फोन कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के मामले पर सहानुभूति के साथ गहरी संवेदनाएं प्रकट की। बातचीत में रक्षा मंत्री ने अपने अमेरिकी समकक्ष को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान करने का इतिहास रहा है। साथ ही एक ऐसे दुष्ट देश के रूप में उसकी सच्चाई सबके सामने आ चुकी है, जिसमें वह वैश्विक आतंकवाद को खाद-पानी देने के अलावा क्षेत्र में अस्थिरता को बढ़ाने का काम कर रहा है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि विश्व समुदाय पूरी एकजुटता और स्पष्टता के साथ आतंकवाद के इस घिनौने कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उसके खिलाफ आवाज उठाए। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आतंकी हमले को लेकर एकजुटता से भारत के प्रतिरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका की सरकार आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में उसके साथ खड़ी है।

## आतंकवाद के ....

में मारे गए लोगों को लेकर दुख जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही रबियो ने भारत को पाकिस्तान के साथ तनाव घटाने और दक्षिण-एशिया में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए साथ काम करने पर भी जोर दिया।

## जयशंकर और युल ...

दें कि यूएनएससी के अस्थायी सदस्यों से विदेश मंत्री की यह वार्ता एक ऐसे समय में हो रही है, जब पाकिस्तान भी वर्ष 2025-26 तक परिषद का अस्थायी सदस्य है। यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्य देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने पहले की पहलगाम हमले की निंदा करते हुए भारत को अपना समर्थन प्रदान किया है। चीन ने पाक से घनिष्ट मित्रता और नजदीकी को लेकर बाद में हालांकि अपने सुर कुछ बदले हैं।

## भारत को अमेरिक....

अमेरिकी कांग्रेस द्वारा उक्त प्रस्ताव के संबंध में प्रमाणन के साथ बिक्री को लेकर अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएससीए अमेरिका के रक्षा मुख्यालय, पेंटागन के तहत कार्यरत है। भारत ने इस सौदे के तहत अमेरिका से समुद्री वर्जन सॉफ्टवेयर, रिमोट सॉफ्टवेयर सपोर्ट, समुद्री वर्जन से जुड़े दस्तावेज, लॉजिस्टिक घटकों की खरीद की इच्छा जताई है। सौदे को अमेरिका की हॉकआई 360 कंपनी के मार्फत पूरा किया जाएगा।

## भारत के हमले ...

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार को हटा दिया गया था। डॉ. मोईद यूसुफ उस समय एनएसए के रूप में कार्यरत थे। इसके बाद जब भारत का डर दिखा तो आनन फानन में आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया है। लेफ्टिनेंट जनरल मलिक, जो वर्तमान में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं, एनएसए का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। वह देश के दसवें एनएसए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि किसी कार्यरत आईएसआई प्रमुख को दो प्रमुख पदों पर एक साथ कार्य करने का कार्य दिया गया है। मलिक को अक्टूबर 2024 में आईएसआई का महानिदेशक नियुक्त किया गया। अधिसूचना में कहा गया है कि लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक एचआई (एम), महानिदेशक (आई), तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

**अरब सागर का 'बाज', फोड़ देगा दुश्मन की आंख, जंगी जहाज तैनात:** भारतीय नौसेना अरब सागर में पूरी तरह से एक्टिव है। वे भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में लगातार अभ्यास कर रहे हैं। इसका मकसद समुद्री सुरक्षा को और भी मजबूत करना है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, भारतीय युद्धपोत हाई अलर्ट पर हैं। हाल ही में, जहाजों को डुबोने और विमानों को मार गिराने के लिए कई फायर किए गए। इससे पता चलता है कि नौसेना किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह अभ्यास दुश्मनों में डर पैदा कर रहा है। भारतीय तटरक्षक बल ने भी गुजरात तट के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास अपने जहाज तैनात किए हैं।

## पाक ने कराची...

समुद्री रूप से अलग-थलग कर सकता है। लेकिन यहां हमला हुआ तो हजारों जानें जाएंगी, और लाखों शरणार्थी बनेंगे।

## बैसरन घाटी पहुंचे ...

हाथ में ले लिया और इस हमले की जांच शुरू कर दी। केंद्रीय आतंकवाद निरोधी एजेंसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्रालय के आतंकवाद निरोधी और कट्टरपंथ निरोधी (सीटीसीआर) प्रभाग से जारी आदेश के बाद शनिवार देर रात औपचारिक रूप से एक नई प्राथमिकी दर्ज की।

## पाकिस्तानी नागरिकों....

अब अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान जा सकते हैं। यह अनुमति अगले आदेश तक जारी रहेगी। इधर, गुरुवार को पाकिस्तान ने अटारी बॉर्डर के गेट नहीं खोले। ऐसे में अल्पकालिक वीजा पर भारत आए वो पाकिस्तानी जो अपने घर वापस लौट रहे थे, वो अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंस गए।

## सुजाता चतुर्वेदी ने...

साथ-साथ भारत सरकार में तीन दशकों से अधिक का विशाल प्रशासनिक अनुभव है। राज्य में, उन्होंने वित्त विभाग की प्रधान सचिव, वाणिज्यिक कर आयुक्त, वित्त विभाग की सचिव, शहरी विकास विभाग की उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। केंद्र में, उन्होंने युवा कार्यक्रम और खेल सचिव, डीओपीटी में अपर सचिव और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण में क्षेत्रीय उप महानिदेशक के पद पर कार्य किया। सुश्री चतुर्वेदी ने खेल विभाग की सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान देश में खेलों के समग्र विकास के लिए कई पहलों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सेना और वायुसेना...

एएलएच दुर्घटना का शिकार हो गया था। जिसमें बल के दो पायलट और हेलिकॉप्टर में सवार एक गोताखोर (डाइवर) की मौत हो गई थी। हादसे के तुरंत बाद ही सभी सशस्त्र सेनाओं के ध्रुव हेलिकॉप्टरों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गई थी।

**सशस्त्र सेनाओं के पास 330 हेलिकॉप्टर:** सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षकबल के पास वर्तमान में 330 से अधिक ध्रुव हेलिकॉप्टर हैं। जिसमें तटरक्षकबल का एक एएलएच जनवरी-2025 में हादसे का शिकार हो गया था। ध्रुव हेलिकॉप्टर एक दो इंजन वाला बहुआयामी और कई मिशन को एक साथ अंजाम देने में सक्षम हेलिकॉप्टर है। साथ ही 5.5 टन वजन के साथ यह नई पीढ़ी के हेलिकॉप्टरों में भी शुमार है। इनका उत्पादन और विकास रक्षा क्षेत्र के स्वदेशी सार्वजनिक उपक्रम हिंदूस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा किया गया है। एचएएल ने अभी तक करीब 340 एएलएच हेलिकॉप्टरों का उत्पादन किया है।

**सेना ने राहत, सर्च अभियान में किया प्रयोग:** गौरतलब है कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद वहां फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और आतंकियों की तलाश के लिए सैन्य अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भी ध्रुव हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया है। जम्मू-कश्मीर के दुर्गम इलाकों में यह हेलिकॉप्टर सफल सैन्य अभियान संचालन व आवाजाही के लिए सेना का एक भरोसेमंद माध्यम बना हुआ है।

## मुझे मुफ्त में कोई...

जब भी चुनौती सामने आए, चुनौतियां आएंगी। चुनौतियां ऐसी आएंगी कि आप विवशता में पड़ जाते हो और सोचते हो, दीवारों के भी कान हैं। तो उस चुनौती की चर्चा खुद को भी नहीं करते हो पर कभी भी कर्तव्य पथ से अलग नहीं हटना है", उन्होंने आगे कहा। लखनऊ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, " लोग कई बार कहते हैं कि जनता की याददाश्त कमजोर होती है और सोचते हैं कि समय के साथ सब बातें भुला दी जाएंगी। लेकिन ऐसा होता नहीं है। क्या हम इमरजेंसी को भूल गए हैं? बहुत समय बीत गया है, लेकिन इमरजेंसी की काली छाया आज भी हमें दिखाई देती है। यह भारतीय इतिहास का सबसे अंधकारमय काल था, जब लोगों को बिना कारण जेल में डाल दिया गया, न्यायपालिका तक पहुंच बाधित कर दी गई थी। मौलिक अधिकारों का नामोनिशान नहीं रहा, लाखों लोग जेलों में डाल दिए गए। हम इसे नहीं भूले हैं। उसी तरह हाल ही में जो पीड़ादायक घटना घटी है, मैं यह मानता हूं- और मेरा यह दृढ़ विश्वास है- कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर व्यक्ति तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक वह अपराधी सिद्ध न हो जाए। लोकतंत्र में निर्दोषता की एक विशेष महत्ता होती है। लेकिन कोई भी अपराध हो, उसका समाधान कानून के अनुसार ही होना चाहिए। और यदि कोई अपराध आम जनमानस को झकझोरता है, तो उस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। मैंने इस बात को पूरी स्पष्टता से कहा है। कुछ लोगों ने मुझसे पूछा कि आप इस विषय पर इतने बेबाक क्यों हैं? मुझे बहुत प्रेरणा मिली महामहिम राज्यपाल की पुस्तक से। और मैंने यह स्पष्ट किया है कि मुझे चुनौतियाँ पसंद हैं और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें कोई कोताही स्वीकार नहीं की जा सकती।"

संवैधानिक पदों पर हुई टिप्पणियों के प्रति गहरी चिंता जाहिर करते हुए धनखड़ ने कहा, " हमारे संविधान में दो पद सर्वोच्च माने गए हैं- एक है भारत के राष्ट्रपति का, और दूसरा राज्यपाल का। और मुख्यमंत्री जी, वे इसलिए सर्वोच्च हैं क्योंकि जो शपथ आपने ली है, जो शपथ मैंने ली है, जो शपथ सांसद, मंत्री, विधायक या किसी भी न्यायाधीश ने ली है- वह शपथ होती है: मैं संविधान का पालन करूँगा। लेकिन द्रौपदी मुर्मू जी (राष्ट्रपति) और आनंदीबेन पटेल जी (राज्यपाल) की शपथ इससे अलग है। उनकी शपथ होती है: 'मैं संविधान की रक्षा करूँगा, उसका संरक्षण और बचाव करूँगा।' और दूसरी शपथ होती है: 'मैं जनता की सेवा करूंगा' - राष्ट्रपति के लिए भारत की जनता की और राज्यपाल के लिए संबंधित राज्य की जनता की। ऐसे गरिमापूर्ण और संवैधानिक पदों पर यदि टिप्पणियाँ की जाती हैं, तो वह मेरे अनुसार चिंतन और मनन का विषय है।" संविधान द्वारा निर्मित सभी संस्थाओं के बीच समन्वय और संवाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया, " हाल के कुछ दिनों में एक घटनाक्रम हुआ है, जिस पर मैंने वक्तव्य भी दिया है और वह आपके प्रांत से भी जुड़ा हुआ है। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि इसी प्रांत में विधायिका और न्यायपालिका के बीच सबसे बड़ा टकराव हुआ था। आप सभी इस विषय से भली भांति परिचित हैं। हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें, और यह सम्मान तब और बढ़ता है जब हर संस्था अपनी सीमाओं के भीतर रहकर कार्य करती है। जब संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करती हैं. हमारा संविधान टकराव की नहीं, बल्कि समन्वय, सहयोग, संवाद, विचार-विमर्श और स्वस्थ बहस की अपेक्षा करता है। संविधान संस्थाओं के बीच संघर्ष की कल्पना नहीं करता, वह सहभागिता और संतुलन की भावना को बढ़ावा देता है।" इसी संदर्भ में उन्होंने आगे कहा, " सभी संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका होती है। किसी एक को दूसरे की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। हमें संविधान का सम्मान करना चाहिए - अक्षरशः, भावना में और सार में भी। और मैं पहले भी कह चुका हूँ, 140 करोड़ जनता अपनी भावना चुनाव के माध्यम से व्यक्त करती है, अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से, और वही जनप्रतिनिधि जनता के मानस को प्रतिबिंबित करते हैं, और जनता उन्हें चुनावों में जवाबदेह भी बनाती है। और इसलिए मैंने आम आदमी की भाषा में कहा है कि जैसे विधायिका कोई फैसला नहीं लिख सकती, वह न्यायालय का कार्य है- उसी तरह न्यायालय कानून नहीं बना सकता। मुझे न्यायपालिका के प्रति अत्यंत सम्मान है, मैं न्यायपालिका का एक सिपाही रहा हूँ। मैंने चार दशक से भी अधिक समय वकील के रूप में बिताया है। केवल 2019 में, जब मुझे पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया, तब मैंने वकालत छोड़ी। मैं जानता हूँ कि न्यायपालिका में अत्यंत प्रतिभाशाली लोग हैं। न्यायपालिका का बहुत बड़ा महत्व है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था कितनी मजबूत है- यह न्यायपालिका की स्थिति से परिभाषित होती है। वैश्विक मानकों पर हमारे न्यायाधीश सर्वश्रेष्ठ में से हैं। लेकिन मैं अपील करता हूँ कि हमें सहयोग, समन्वय और सहभागिता की भावना दिखानी चाहिए। कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका- इन संस्थाओं को एकजुट होकर और आपसी तालमेल से काम करना चाहिए।"

## उत्तरी कमांड के...

और डीएसएससी (वेलिंगटन) के पूर्व छात्र रहे हैं और उनके पास सेना का व्यापक ऑपरेशनल अनुभव है। जिसमें देश के अंदर से लेकर संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए हुई उनकी तैनाती शामिल है। यहां बता दें कि लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार वहीं सैन्य अधिकारी हैं, जिनके खिलाफ पाकिस्तान ने बीते दिनों अपने मीडिया और जनसंचार के अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए झूठ प्रचारित किया था कि उन्हें भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के बाद उनके पद से हटा दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जांच भी बिठा दी है। इसका भारत ने करारा जवाब देते हुए सच सबके सामने ला दिया था। मंत्रालय ने बताया कि अपना कार्यभार संभालने के साथ लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने कमांड के सभी रैंक और कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए पूर्व कमांडर द्वारा किए गए बेहतरीन कार्य को सफलता के साथ आगे बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।

## पंजाब, हरियाणा के...

की कोशिश होगी। हरियाणा को अवैध रूप से अतिरिक्त पानी देने की कोशिशों का विरोध किया जायेगा। जाहिर है केंद्र और हरियाणा में भाजपा सरकार के खिलाफ राजनीतिक घेराबंदी तेज होगी। पंजाब सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार, भाजपा शासित हरियाणा और राजस्थान के साथ मिलकर भाखड बोर्ड के जरिए पंजाब के हिस्से का पानी हरियाणा को देने की साजिश कर रही है। भगवंत मान ने इसे "गुंडागर्दी" और "पंजाब के हक पर डाका" करार दिया है। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में पंजाब के पानी के हक को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। यह प्रस्ताव केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ पंजाब के स्टैंड को मजबूत करने और भाखडा बोर्ड के फैसलों का विरोध करने के लिए होगा। पंजाब सरकार इस सत्र के जरिए सभी राजनीतिक दलों और जनता को यह संदेश देना चाहती है कि वह अपने पानी के अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगी।

**विवाद की जड़: भाखड़ा नहर और भाखडा बोर्ड**

भाखड़ा नहर का पानी: भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड भाखड़ा नहर के पानी का बंटवारा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच करता है। यह बोर्ड केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधीन है।

**पंजाब का आरोप:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया है कि हरियाणा अपने कोटे से 103 फीसदी पानी इस्तेमाल कर चुका है, फिर भी केंद्र और भाखडा बोर्ड के जरिए पंजाब पर अतिरिक्त पानी देने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, "पंजाब का पानी पंजाबियों के लिए है, इसे किसी और को नहीं देंगे।

**हरियाणा का जवाब:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मान के दावों को "झूठ का पुलिंदा" करार देते हुए कहा कि भाखडा बोर्ड के रिकॉर्ड में हर बूंद का हिसाब रखा जाता है। सैनी ने दावा किया कि हरियाणा को अभी तक उसका पूरा हिस्सा नहीं मिला है और पंजाब के अधिकारी बोर्ड के फैसलों को लागू नहीं कर रहे।

**भाखडा बोर्ड की बैठक:** 30 अप्रैल को बोर्ड की एक आपातकालीन बैठक में हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी देने का फैसला लिया गया, जिसका पंजाब ने विरोध किया। इस बैठक में हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के प्रतिनिधि फैसले के पक्ष में थे, जबकि पंजाब अकेला पड़ गया।

**हरियाणा में विपक्ष:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पंजाब के रुख की आलोचना की और नायब सैनी सरकार से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने पंजाब से हरियाणा जाने वाले रास्ते बंद करने की धमकी दी।

**पंजाब में एकजुटता की कोशिश:** भगवंत मान ने ऑल पार्टी मीटिंग बुलाकर सभी दलों को एकजुट करने की कोशिश की है। हालांकि, पहले उन्होंने एसवाईएल नहर मुद्दे पर ऑल पार्टी मीटिंग की जरूरत को खारिज किया था, लेकिन पानी के मौजूदा विवाद में वह सभी दलों का समर्थन चाहते हैं।


**केंद्र का हस्तक्षेप:** यदि पंजाब और हरियाणा के बीच विवाद बढ़ता है, तो बोर्ड के जरिए केंद्र सरकार हस्तक्षेप कर सकती है। संवैधानिक विशेषज्ञों के अनुसार, यदि पंजाब केंद्र के आदेशों का पालन नहीं करता, तो हरियाणा प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग कर सकता है। संविधान के अनुच्छेद 257 के तहत प्रधानमंत्री राज्य को पानी छोडने का आदेश दे सकते हैं।

**एसवाईएल का पुराना विवाद:** सतलुज-यमुना लिंक नहर का मुद्दा भी पंजाब-हरियाणा के बीच पुराना विवाद है। पंजाब का कहना है कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जबकि हरियाणा ने अपनी नहर का निर्माण पूरा कर लिया है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

## आप को दिल्ली की हार...

हरियाणा के पानी को रोकना गलत है। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इनसे (आम आदमी पार्टी) दिल्ली की हार बर्दाश्त नहीं हो रही। इन्होंने दिल्ली के लोगों को भी सपने दिखाए थे, वहां भी लोगों ने इन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। अब ये लोग सोच रहे हैं कि पंजाब में अपनी इज्जत बचा लें, लेकिन यहां भी नहीं बचेगी। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें पानी के मामले पर घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए। बल्कि व पंजाब सूबे के विकास के लिए काम करें। पंजाब के लोगों ने इन्हें जनादेश दिया है। पंजाब के लोगों को जो अपेक्षाएं आपसे थी, उनके हित में काम करें। मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले तो इन्होंने किसानों पर लाठियां चलवाई। मैंने बार-बार कहा कि किसान तो देश के लोगों का पेट भरने का काम करते हैं, ये मेहनतकश लोग हैं। लेकिन फिर भी इन पर लाठियां चलवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिंचाई के पानी की बात नहीं है, यह केवल पेयजल की बात है। हमारी संस्कृति में है और गुरुओं से भी हमने सीखा है कि किसी अनजान व्यक्ति को भी हम पानी पिलाकर उसका स्वागत करते हैं। हमारी संस्कृति ऐसी है कि अगर पंजाब प्यासा रहता है तो हम अपने हिस्से का पानी काटकर भी पंजाब के लोगों को दे देंगे। उन्होंने कहा कि आज तक के इतिहास में पीने के पानी को लेकर कभी भी कोई विवाद नहीं हुआ। लेकिन क्योंकि अब पंजाब में चुनाव आने वाले हैं, इसलिए ये लोग राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इस राजनीति को समझ रहे है।

सैनी ने कहा कि अभी 2 महीने के बाद बरसात शुरू हो जाएगी, उस समय बारिश का पानी पाकिस्तान में चला जाएगा, जो हमारे निहत्थे लोगों को मार रहा है, हम उनको पानी क्यों दें। उन्होंने कहा कि अपनी राजनीति को चमकाने के लिए दिल्ली चुनाव के दौरान भी अरविंद केजरीवाल ने यमुना के पानी में जहर मिलाने की बात कही थी और अब भगवंत मान जो बोल रहे हैं, उसके पीछे भी अरविंद केजरीवाल ही है। इसलिए मैं, मान साहब को सतर्क कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अप्रैल, मई और जून माह के दौरान एक्स्ट्रा पानी मिलता है, क्योंकि गर्मी होती है। आबादी लगातार बढ़ रही है, इसलिए पानी की मांग भी लगातार बढ़ रही है। एनसीआर का एरिया देखें तो वहां आज बहुत इंडस्ट्री आ गई है। 2011 का एसईसीसी डाटा के मुकाबले दो गुना आबादी की संख्या बढ़ गई है। सैनी ने कहा कि वर्ष 2022, 2023 और 2024 में कभी भी यह पानी नहीं रोका गया और अप्रैल, मई और जून में 9000 क्यूसेक पानी हर वर्ष देते थे। इसमें से दिल्ली को 500 क्यूसेक, राजस्थान को 800 क्यूसेक और पंजाब को 400 क्यूसेक पानी मिलता है। बचे हुए पानी में से हरियाणा अपनी जरूरतें पूरी करता है। सैनी ने कहा कि मैं और भगवंत मान साधारण परिवारों के बच्चे हैं। हम दोनों ही जानते हैं कि कैसे हमारी माताएं सिर पर मटका रखकर कई-कई किलोमीटर दूर से पानी लाती थीं। इसलिए उन्हें पीने के पानी पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। मैं भगवंत मान से निवेदन करूंगा कि वे किसी की बातों में न आएं और अपने विवेक से काम करें।



बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!



अमेजिंग

रजनी अरोड़ा

बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



## लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआडानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।

**-संजय, रोहतक**

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।

**-अभिषेक, बेमेतरा**

**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।

**-सुमन, भोपाल**

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।

**-कुणाल, महासमुंद**



गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर

हास्य कथा

समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता

डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**आस्तिका, चांपा**



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: यलो बैलूंस-19, रेड बैलूंस-20

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में 27 हजार से अधिक हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए किए अंतरित

# मुख्यमंत्री ने कहा, कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ, 3 लाख रोजगार होंगे सृजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था है।

जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

## आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था

85 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की प्रथम किश्त की 1704.94 करोड़ राशि ट्रांसफर




**सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख हेक्टेयर करना लक्ष्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा।

## 1870 करोड़ लागत की धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है। हमारी सरकार ने सभी आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। लाड़ली बहनों के खातों में भी हर महीने 1250 रुपए आते रहेंगे। उन्होंने 1870 करोड़ लागत की धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन भी किया। इस मौके पर केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने भी संबोधित किया।

### उमरबन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 जोड़े



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज उमरबन की धरती से प्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। कन्या विवाह योजना में बेटियों को प्रावधान के अनुसार 49 हजार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल्याणी विवाह और अन्तर्जातीय विवाह करने पर राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाह में गैर-जरूरी खर्च से बचा जाए और यह राशि परिवार और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी कार्यों पर खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों का भाई गरीब से गरीब की बेटी का विवाह कराएगा।*

## खबर संक्षेप

### 'योग वॉरियर' बनीं स्मिता, दो बार रचा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



**भोपाल।** योग केवल शरीर की कसरत नहीं, आत्मा की यात्रा है। इसे चरितार्थ किया है योग प्रशिक्षिका स्मिता कुमारी ने, जिन्होंने दो बार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। बेल्वेडेयर क्लब के मंच पर जब स्मिता कुमारी ने भूनमनासन में खुद को जमीन से जोड़ा, तो वो सिर्फ एक आसन नहीं था, वो एक आध्यात्मिक उपलब्धि थी। स्मिता ने यह कठिन योग मुद्रा लगातार 2 घंटे 33 मिनट 37 सेकंड तक बनाकर दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले, 2022 में, स्मिता कुमारी ने समकोणासन (सेंटर स्प्लिट पोज़) को 3 घंटे 10 मिनट 12 सेकंड तक कर पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया था।

### मंच का स्ट्रक्चर गिरा, बाल बाल बचे विजयवर्गीय

**भोपाल।** इंदौर के राऊ क्षेत्र स्थित एक गोशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तेज हवाओं के चलते मंच का स्ट्रक्चर गिर गया। इस दौरान मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय मौजूद थे। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के झोकों ने पंडाल और मंच को हिला दिया और कुछ ही पलों में मंच गिर पड़ा। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने व्यवस्था संभाली।

नागदा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना समारोह में शामिल हुए डॉ. यादव व गेहलोत

# सीएम और कर्नाटक के राज्यपाल ने वर वधु को चेक वितरित कर पौधे किए भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर अत्यंत हर्ष की बात है कि नागदा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। आज के दिन शुभ मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है। पाणिग्रहण संस्कार का हमारी भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत बुधवार को नागदा के अटल खेल मैदान परिसर में नगर पालिका परिषद नागदा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समारोह में हर विवाहित कन्या के माता-पिता अपनी बेटी को एक नए जीवन की शुरुआत के लिए आशीर्वाद दे रहे हैं।

विवाह संस्कार और रीति-रिवाज हमारी गौरवशाली परंपरा का हिस्सा रहे हैं। विवाह संस्कार जन्म से पहले ही तय हो जाता है। नागदा में काफी समय से इस प्रकार के सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। यह एक बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ो को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और कर्नाटक के राज्यपाल गेहलोत ने समारोह में उपस्थित वर-वधू के बीच पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया। नव दंपत्तियों को मुख्यमंत्री विवाह योजना में शासन की ओर से दी जाने वाली राशि के चेक वितरित किए और उन्हें पौधे भी भेंट किए। समारोह में 74 जोड़ो का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह और एक मुस्लिम जोड़े का निकाह कराया गया। विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, राजेश धाकड़, नागदा नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत समेत अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**खास बातें**

- परिणय सूत्र में बंधे 2205 जोड़े, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुए कार्यक्रम
- शिवपुरी, इंदौर, धार, हरदा, छिंदवाड़ा और पन्ना जिलों में हुए कार्यक्रम



### मुख्यमंत्री ने ग्राम दाउदखेड़ी में 70 नव-दंपतियों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश एवं प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकाल महालोक कॉरिडोर की सौगात के बाद से उज्जैन ने विकास के नित नए आयाम स्थापित किए हैं। उज्जैन को धर्म और धार्मिक पर्यटन का मुख्य केन्द्र बनाया जा रहा है। धर्म ही समाज को एक सूत्र में पिरोता है। सामूहिक विवाह का आयोजन सामाजिक सुधार का महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दाउदखेड़ी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवाह का आयोजन सामूहिक रूप से करने से मितव्ययता आती है। वैवाहिक कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना हुई वरदान साबित

*मुख्यमंत्री ने त्रिकालदर्शी महामृत्युंजय बाबा श्री महाकाल को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब परिवार की कन्याओं का विवाह कराने के लिए माता-पिता कर्ज में डूब जाया करते थे। बेटी के जन्म के साथ ही उसकी शादी की चिंता सताने लगती थी, लेकिन अब सरकार बेटियों का कन्यादान कर रही है। माता-पिता अब बेटियों के जन्म पर उदास नहीं होते, बधाई गीत गाते हैं। निर्धन परिवारों की बेटियों के वि वाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना एक वरदान साबित हुई है।*

### ब्रह्मभट्ट क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में अखिल भारतीय ब्रह्म भट्ट क्षत्रिय समाज के 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने वाले समाजसेवी राधेश्याम परमार एवं उनकी टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने नव-दम्पतियों को उपहार स्वरूप चांदी की पायजेब भेंट की। उन्होंने नव-दम्पतियों से चर्चा कर उनके सुखद वैवाहिक मंगलमय जीवन के लिए मंगलकामनाएं दी। समारोह में ब्रह्मभट्ट समाज ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

### मुख्यमंत्री ने 6 जिलों के सम्मेलनों को वर्चुअली किया संबोधित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अक्षय तृतीया पर 6 जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में शामिल नव दंपतियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जिसका कभी क्षय नहीं हो, वो अक्षय है। उन्होंने छिंदवाड़ा में 929, पन्ना में 915, आनंदधाम शिवपुरी में 80, इंदौर में 121, पंधानिया जिला धार में 80 एवं ग्राम नया गांव जिला हरदा में 80 नव दंपतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने विवाह बंधन में बंध रहे सभी जोड़ों के उज्जवल, सुखद-स्वस्थ जीवन और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

बीबीएमबी जल विवाद, आप नेताओं पर जमकर बरसे सीएम सैनी, बोले

# पंजाब में चुनाव आ गए हैं, घटिया राजनीति पर उतर आए आप नेता

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

बीबीएमबी जल विवाद को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने आप नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भगवंत मान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करें। आज तक के इतिहास में इस पानी को लेकर विवाद नहीं हुआ, लेकिन आपने पैदा कर दिया। सैनी ने कहा कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है, कल अगर जरूरत पड़ी, तो हम पंजाब को अपने हिस्सा का भी काम करेंगे। पहले दिल्ली विस चुनावों में अपनी राजनीति चमकाने के लिए इन लोगों ने पानी के अंदर जहर मिलाने के आरोप केजरीवाल ने कही थी। सीएम नायब सैनी ने चुटकी लेते हुए कहा कि इब भगवंत मान तो बेचारा बैठया, पिछै तो केजरीवाल पर्चियां लिख लिखकर दे रहा है। सैनी ने हमला बोला व कहा कि केजरीवाल ने जमकर सब्जबाग दिखाने का काम किया है। शाम को दो यार इकट्ठा बैठ जाते हैं..सीएम बोले मुझसे ज्यादा मत बुलवाओ, आज तक के इतिहास में पानी नहीं रोका गया। अब अपनी कमियों को छिपाने के लिए अकाली दल पर आरोप लगा रहे हैं। 9 हजार क्यूसेक पानी अप्रैल मई और जून में हर साल यह दिया जाता है, जिसमें 4 हजार क्यूसेक हरियाणा को मिलता है। गर्मी में डिमांड ज्यादा होने के कारण इस पानी से दिल्ली को 5 सौ, राजस्थान 8 सौ क्यूसेक, पंजाब को इसीमें 4 सौ क्यूसेक मिलता है। हरियाणा के पास तो 6800 क्यूसेक रह जाता है।



### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करें : सैनी

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी के मामले में मान साहब को राजनीति नहीं करनी चाहिए अपने विवेक से काम करना चाहिए। मान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर का करें। सैनी ने कहा कि वे खुद और भगवंत मान गरीब परिवार हैं, जहां पर मां दो किलोमीटर मटके में पानी भरकर लाती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बृहस्पतिवार को पंजाब सीएम भगवंत मान पर जमकर बरसे साथ ही कई बार हास्य विनोद की बात करते हुए जमकर तंज किए कहा कि दिल्ली में भी सब्जबाग दिखाए थे, लेकिन वहां के लोगों ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुख्यमंत्री सैनी ने दलगत राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि पूर्व सीएम केजरीवाल और वर्तमान सीएम शाम को दो यार इकट्ठा हो जाते हैं।

**दिल्ली से पंजाब के लिए पर्ची लेकर कोई चलता है, शपथ किसी की होती है** : बीबीएमबी से अफसरों के तबादले पर सीएम नायब सैनी चुटकी लेते हुए नजर आए और कहा कि अफसरों का क्या है, बदलते रहते हैं? सैनी बोले बदलियां तो चलती रहती है, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जमकर चुटकी ली व बोले अधिकारी तो छोड़ो दो मिनट में मुख्यमंत्री बदले जाते हैं....गड्डी में बैठकर पर्चा लेकर कोई चलता है, शपथ कोई और लेता है।

# यूडीएफकॉन 2025 : एक राष्ट्रीय सम्मेलन, दृष्टिकोण और क्रियान्वयन का संगम

- 4 मई सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होगा कार्यक्रम
- कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे गतिशील और सुधारोन्मुख चिकित्सा संगठनों में से एक, यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) को गर्व है कि वह अपने बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय सम्मेलन यूडीएफकॉन 2025 का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन रविवार, 4 मई 2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह



ऐतिहासिक आयोजन भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी अग्रणी हस्तियों और विचारशील नेताओं को एक मंच पर लाकर, चिकित्सा शिक्षा और जनस्वास्थ्य के भविष्य पर मंथन, सुधार और नवसृजन के लिए समर्पित है। इस मौके पर डॉ. मनसुख मांडविया, माननीय केंद्रीय मंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय रहेंगे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. डॉ. बी.एन. गंगाधर, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), प्रो. डॉ. बी. श्रीनिवास, उप महानिदेशक (एमई) रहेंगे। विशेष अतिथि एवं वक्ता-डॉ. अरविंद के. द्रवे, वरिष्ठ सलाहकार, पीजीएमईबी, एनएमसी-औजेन्दर सिंह, निदेशक, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय- डॉ. चारु माथुर, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया-प्रो. डॉ. नीमेश जी. देसाई, पूर्व निदेशक, आइएचबीएएस-डॉ. सुनील खत्री, मेडिकोलीगल विशेषज्ञ, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया- प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश, उप चिकित्सा अधीक्षक, आइएचबीएएस आयोजन अध्यक्ष-डॉ. लक्ष्य मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष यूडीएफ- डॉ अमित व्यास, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष, यूडीएफयह बोले डॉ. अमित व्यासयूडीएफ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास ने बताया कि नीतियों और व्यावहारिक क्रियान्वयन के उद्देश्य से यूडीएफकॉन 2025 में भारत के स्वास्थ्य पेशेवरों और चिकित्सा छात्रों को प्रभावित करने वाले अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श होगा। जिसमें शिक्षा में सुधार से लेकर प्रणालीगत बदलाव तक शामिल हैं।

जमीन के नामांतरण के लिए रिश्वत की मिली थी शिकायत

# पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में जमीन के नामांतरण और सीमांकन के नाम पर रिश्वत मांगने वाले एक पटवारी को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम (एसीबी) ने रंगे हाथों पकड़ लिया है। मामला सूरजपुर ज़िले के नयनपुर क्षेत्र का है।

जहां एक स्थानीय व्यवसायी से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में पटवारी को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक पीड़ित व्यवसायी की जमीन से जुड़े नामांतरण और सीमांकन के मामले में पटवारी भानु सोनी लगातार कार्य को सम्पन्न करने हेतु टालमटोल कर रहा था। जिसके पश्चात पटवारी ने उक्त कार्य को करने हेतु 20 हजार रुपये देने पर तत्काल उसके कार्य को सम्पन्न करने की बात की। जिसके पश्चात पीड़ित व्यवसायी के द्वारा उक्त मामले की शिकायत करने एसीबी तक पहुंच योजना बनी और जैसे ही पैसे सौंपे गए, वैसे ही एसीबी की टीम ने पटवारी को उसके कार्यालय में ही धर दबोचा। एसीबी की टीम ने पूरे मामले की रिकॉर्डिंग के साथ पटवारी के कार्यालय में दबिश दी और रिश्वत की रकम बरामद कर ली। फिलहाल पटवारी से पूछताछ जारी है और दफ्तर से दस्तावेज़ जब्त कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। आगे की कार्रवाई है जारी सूत्रों के अनुसार एसीबी अब पटवारी की पुरानी फाइलों की भी जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि किन-

# अवैध पीडीएस चावल की कालाबाजारी करते मौके पर आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



**स्थानीय लोगों ने एक ऑटो में करीब 20 बोरी चावल के साथ दो लोगों को पकड़ा है**

गरीबों को मुफ्त में मिलने वाला पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकथाम के लिए राज्य सरकार लगातार कोशिश कर रही है। लेकिन उसके बावजूद पीडीएस चावल का कालाबाजारी करते पकड़ी गई है। पूरा मामला कुम्हारी के जंजगिरी गांव के शासकीय राशन दुकान से ऑटो में पीडीएस का चावल भरकर परिवहन किया जा था।

जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब तबके के लोगों को चावल वितरण किया जाता है। लेकिन उसकी आड़ में संचालकों के द्वारा उस चावल की कालाबाजारी करते हुए कुछ दलालों के माध्यम से चावल को राइस मिल तक पहुंची जताई है। कुछ ऐसा ही मामला जंजगिरी गांव के मां सहायता समूह के संचालक द्वारा पीडीएस का चावल कालाबाजारी करते हुए स्थानीय लोगों ने एक ऑटो में करीब 20 कट्टा (बोरी) चावल के साथ दो लोगों को पकड़ा है।

50 करोड़ रुपए से बन रहे इस्कॉन मंदिर की रखी आधारशिला

# सागर जिले में आज हो रहा है आध्यात्मिक संस्कृति का सूर्योदयः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के संदेश और भारतीय संस्कृति को इस्कॉन संस्था ने विश्वभर में फैलाया है। भारतीय संस्कृति के प्रसार में इस्कॉन की भूमिका वैश्विक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कलेक्ट्रेट, उज्जैन के एनआईसी कक्ष से सागर जिले के ग्राम मेनपानी में इस्कॉन मंदिर के भूमि-पूजन कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से सागर जिले के मेनपानी की पहाड़ियों में बनने वाले भव्य इस्कॉन मंदिर की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुखारबिन्द से निकले प्रत्येक वचन को 18 अध्याय में संकलित किया गया है, जिसे हम 'भगवत गीता' कहते है। इन्हें जनमानस तक पहुंचाने में इस्कॉन इंटरनेशनल की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर जिले में अक्षय तृतीया पर सनातन संस्कृति के सूर्य का उदय हो रहा है।

पर्यटन विकास की संभावनाओं को साकार करने के प्रयास




### संस्कारों से प्राप्त होती है सुख-शांतिः मंत्री पटेल

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज के दौर में संस्कारों की आवश्यकता है। संस्कारों से हमें सुख-शांति प्राप्त होती है और अपना जीवन भी सुखपूर्वक व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर एवं भारत के अंदर इस्कॉन मंदिर के अनुयायी रहते हैं। अब सागरवासियों के साथ संपूर्ण बुंदेलखंड के लिए इस्कॉन मंदिर के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति करने का अवसर मिलेगा।

### रोजगार और पर्यटन के बढ़ेंगे अवसरः मंत्री राजपूत

खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सागर में मंदिर बनने पर सागर के लोगों को रोजगार और पर्यटन के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह सागर के लिए गौरव की बात है कि हमारे यहां इस्कॉन मंदिर का निर्माण हो रहा है। सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि इस्कॉन मंदिर के माध्यम से अब हमें भगवत गीता का संपूर्ण ज्ञान होगा। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि आज नरयावली विधानसभा धार्मिक विधानसभा बन रही है। इस विधानसभा में न केवल इस्कॉन मंदिर बल्कि संत शिरोमणि रविदास मंदिर, परशुराम मंदिर सहित अन्य बड़े-बड़े मंदिर आकार ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेनपानी की इस पवित्र धरती पर जब यह मंदिर आकार लेगा तब यहां का स्वरूप अलग ही दिखाई देगा और यहां पर्यटन के साथ-साथ धर्म के क्षेत्र में विकास होगा। समारोह को इस्कॉन इंटरनेशनल के जोनल सचिव महामना प्रभुजी ने भी संबोधित किया।

### मंदिर के लिए भूमि देने वाले परिवार की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि प्रदान करने वाले विवेक यादव एवं उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार के साथ जब समाज सहयोगी बनता है तो असंभव माने जाने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं। डॉ यादव ने इस प्रकल्प से जुड़े सभी सहयोगियों और क्षेत्रीय सांसद, मंत्रीगण, विधायकगण सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को भी इस्कॉन मंदिर के भूमि-पूजन कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

## चिंतन

# भारत को वैश्विक केंद्र बनाएगा 'वेव्स'

विश्व के पहले दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का भारत में होना इस क्षेत्र में हमारी अहमियत को दर्शाता है। एक मई से चार मई तक होने वाले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। सिनेमा, ओटीटी, सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, रेडियो, मीडिया आदि उद्योग में अपार संभावनाएं हैं, अच्छे कंटेंट की हमेशा चुनौतियां हैं, इस क्षेत्र को गति देने की जरूरत है, एआई (आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) जैसे टूल आने से सुविधा के साथ दिक्कतें भी बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले वेव्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। पीएम का संदेश साफ है कि संवेदनशीलता के साथ मनोरंजन किया जाना चाहिए। हिंसा, अश्लीलता और रोबोटिक मनोरंजन से समाज निर्माण की यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन उद्योग को रचनात्मक जिम्मेदारी निभानी होगी। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। पीएम की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं, जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। दरअसल, रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है, यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स से भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम से दुनिया भर से निर्माता, कंटेंट बनाने वाले, फिल्म जगत व गेमिंग उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गई है। 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (वेव्स) फिल्मों, ओटीटी (ओवर द टॉप), गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स - एक्सटेंडेड रियलिटी), प्रसारण एवं उभरती हुई तकनीक को एक मंच प्रदान करेगा और खुद को भारत के मीडिया एवं मनोरंजन कौशल के व्यापक प्रदर्शन के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 2029 तक 50 अरब अमेरीकी डॉलर के बाजार को सबके लिए खोलना तथा वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार करना है। भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगा। एआई और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी। वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



# महाकवि सूरदास के गीतों में बसी है भक्ति की चमक

भारतीय साहित्य के विशाल आकाश में भक्तिकाल एक ऐसा युग रहा है, जिसने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया बल्कि भाषा, भाव और लोकसंस्कृति को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस युग में कई संत-कवि हुए, जिन्होंने अपने जीवन और काव्य से समाज को भक्ति, प्रेम और मानवता की राह दिखाई। इन्हीं महान संत कवियों में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक, भक्तिकाल के महाकवि, महान संत सूरदास जी का स्थान सर्वोच्च है। सूरदास केवल एक कवि नहीं थे, वे एक ऐसे भाव-सम्राट थे, जिन्होंने हिन्दी काव्य को भाव, भाषा और भक्ति की त्रिवेणी से अभिसिंचित किया। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष यह 2 मई को मनाई जा रही है। सूरदास जयंती केवल एक कवि के जन्म की स्मृति नहीं है बल्कि उस प्रेमधारा का उत्सव है, जो उन्होंने अपने शब्दों से प्रवाहित की थी। सूरदास का जन्म 1478 ईस्वी के आसपास एक ब्राह्मण परिवार में हुआ माना जाता है। उनके जन्मस्थान को लेकर कई मत हैं लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता या सीही नामक स्थान पर हुआ था। यह भी कहा जाता है कि वे जन्म से अंधे थे, हालांकि कुछ विद्वानों का मत है कि उन्होंने युवावस्था में दृष्टि खोई। तथ्य चाहे जो भी हो, यह निर्विवाद सत्य है कि सूरदास ने अपने भीतर जो दृष्टि अर्जित की थी, वह सामान्य दृष्टि से कहीं अधिक तीव्र और व्यापक थी। उन्होंने जो देखा, वह आंखों से नहीं, हृदय से देखा। उन्होंने जो अनुभव किया, वह आत्मा से किया और उन्होंने जो रचा, वह कालातीत बन गया। सूरदास की ख्याति विशेष रूप से उनके कृष्णभक्ति पर आधारित काव्य के कारण है। उन्होंने बालकृष्ण की लीलाओं को जिस प्रकार चित्रित किया है, वह भारतीय साहित्य में अद्वितीय है। बाल गोपाल के जन्म से लेकर उनके यशोदा से नटखट संवाद, गोपियों के साथ रास, माखन चोरी, और राधा-कृष्ण के प्रेम का जो भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण वर्णन सूरदास ने किया है, वह केवल वर्णन नहीं बल्कि अनुभूति है। यह वह अनुभूति है, जिसे पढ़ते हुए पाठक स्वयं उस संसार में प्रवेश कर जाता है, जहां गोविंद हैं, गोपियां हैं, यमुना का तट है, वृंदावन का कुंज है और वहां एक दिव्य प्रेम का आलोक फैला हुआ है। महाकवि सूरदास एक महान कवि और संगीतकार थे, जिन्होंने कान्हा की भक्ति में कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी। वे अपनी कविताओं, गीत और दोहों के लिए ही प्रसिद्ध हुए। सूरदास के भक्तिमय गीत आज भी हर किसी को मोहित करते हैं। सूरसागर, सूरसावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती और ब्याहलो सूरदास जी की प्रमुख रचनाएं हैं। सूरदास की भाषा ब्रजभाषा थी, जो उस समय केवल लोक की भाषा मानी जाती थी लेकिन सूरदास ने इस भाषा को वह गरिमा प्रदान की कि वह हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा बन गई। उनकी रचनाओं में ब्रजभाषा की मिठास, उसकी लयात्मकता और भाव सम्प्रेषण की क्षमता को नए आयाम मिले। उनका काव्य सरल होते हुए भी अत्यंत गहन है। उसमें कहीं भी दुरूहता नहीं है, न ही दार्शनिक भारीपन। वह सीधा हृदय को स्पर्श करता है। सूरदास के काव्य का सबसे प्रमुख संग्रह 'सूरसागर' है, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके प्रेम प्रसंगों तक का सुंदर वर्णन मिलता है। सूरसागर केवल एक काव्य ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें भक्ति, प्रेम, दर्शन और मानवीय भावनाओं की समस्त छवियां एकत्रित हैं। उनके पदों में लोक और लीलाओं का अद्भुत सामंजस्य है। एक ओर वे कृष्ण को बालक के रूप में गोदी में खेलते दिखाते हैं तो दूसरी ओर वे उन्हें ब्रह्म का साक्षात रूप बताते हैं। यह द्वंद्व ही सूरदास की काव्य शक्ति का प्रमाण है। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के परम भक्त सूरदास बचपन से संत प्रवृत्ति के थे। इन्हें गाने की कला वरदान स्वरूप मिली थी और अपनी गायन की कला के चलते ही वे जल्द ही प्रसिद्ध हो गए। उसके बाद वे आगरा के पास गऊघाट पर रहने लगे। वहीं उनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई। वल्लभाचार्य ने ही सूरदास जी को पुष्टिमार्ग की दीक्षा दी और श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया। वल्लभाचार्य ने इन्हें श्रीनाथ जी के मंदिर में लीला गान का दायित्व सौंपा, जिसे सूरदास जी जीवन पर्यंत निभाते रहे। महाकवि सूरदास हमारे लिए केवल अतीत की विभूति नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की दिशा हैं।



(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है।**

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिज़र्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी भी आर्थिक झटके का सामना करते



हुए आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ़ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लम्बे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है।

निसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) के साथ ही कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान देना होगा। ऐसे विभिन्न रणनीतिक कदमों से भारत की घरेलू आर्थिकी और मजबूत बनेगी तथा ऐसे में पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की घरेलू आर्थिकी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार बनेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
**दर्शन**

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पूरा प्रतिपक्ष सरकार के साथ है

पहलगाम पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। लगभग सारा इंडिया गठबंधन भी केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय नेताओं द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिए। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा।

*- प्रकाश गुप्ता, भाटापारा*

## ट्रेंड

### महाराष्ट्र दिवस



भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'जातीय जनगणना' सही



देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। बीएसपी इसकी माँग काफी लम्बे समय से करती रही है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### क्या यही है लोकतंत्र



सरकार ने 4 पीएम जैसे नेशनल चैनल को बिना किसी कारण बंद करवाकर ये साफ़ कर दिया है कि उसे जनता के सवालों से डर लगता है। क्या यही है 'लोकतंत्र'? मीडिया को दबाना मतलब जनता की आवाज़ को कुचलना है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### सार्थक तरीका अपनाएं



शासन का मतलब सिर्फ़ सत्ता नहीं बल्कि करुणा से शुरू होता है, हमारे आस-पास के संघर्षों को देखने की इच्छा से, उनसे इस तरह जुड़ने की इच्छा से जैसे कि वे हमारे अपने हों, और उन्हें संबोधित करने के लिए सार्थक तरीके से कार्य करें।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# रूस के लिए लड़ते उ. कोरिया के 4700 सैनिक मारे गए


दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया कि अनुमान है कि रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ते हुए उत्तर कोरिया के 4,700 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के इस आकलन से दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने पहली बार पुष्टि की थी कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद करने के लिए अपने लड़ाकू सैनिकों को भेजा था, जिस पर पिछले साल अचानक यूक्रेन के घुसपैठ के कारण रूस का नियंत्रण खत्म हो गया था। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सेओंग क्वेउन के अनुसार, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने बंद कमरे में संसदीय समिति की बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरिया के 600 सैनिक मारे गए और 4,700 सैनिक हताहत हुए हैं। ली ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईएस ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच घायल 2,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को हवाई मार्ग से या ट्रेन से उत्तर कोरिया वापस भेजा गया। उन्होंने एनआईएस का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों का अंतिम संस्कार रूस में किया गया था, उसके बाद उनके अवशेष वापस घर भेजे गए।



## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

चुनाव आयोग कर रहा बड़ा परिवर्तन
मतदान करना होगा आसान

# वोटर स्लिप पर बड़े अक्षरों में लिखे होंगे सीरियल और पार्ट नंबर

अब वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया कि स्लिप पहले से कुछ अलग होगी। बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता अक्सर वोटिंग के दिन अपने घर के पास बूथ की जानकारी प्राप्त करने में कंफ्यूज हो जाते हैं या फिर बूथ के अंदर वोटिंग वाले कमरे के नंबर की जानकारी नहीं मिल पाती है। अब चुनाव से पहले आपके घर पर वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया गया है।

### बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग की कवायद

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके।

### मतदानों की सहूलियत और संदेह को दूर करने ईसी ने लिया यह फैसला



### अब मृत्यु के बाद आसानी से हटेगा वोटर का नाम

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से डेथ सर्टिफिकेट यानी मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर मर चुके मतदाता के नाम को हटाने की ईसीआई प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा वोटर कंफर्मेशन स्लिप को वोटर्स फ्रेंडली बनाने और बीएलओ को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है। चुनाव आयोग ने ये फैसला किया है कि सीधे इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डेथ सर्टिफिकेट डेटा लिया जाएगा ताकि किसी मतदाता की मौत से जुड़ी जानकारी जल्दी चुनाव आयोग को मिले। मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर मतदाता की मृत्यु को फील्ड विजिट कर बीएलओ की तरफ से वैरिफाई किया जाएगा और इसके बाद मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा।

### प्रमाणीकरण में नहीं होगी देरी

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से जानकारी मिलने से चुनाव चुनाव आयोग मृतक वोटर के नाम को मतदाता सूची से डिलीट करने की प्रकिया फॉर्म 7 मिलने से पहले शुरू कर सकता है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने मतदाता सूचना स्लिप को ज्यादा वोटर फ्रेंडली बनाने का फैसला किया है। आयोग ने ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का फैसला किया ताकि पहचान और संपर्क आसान हों।

### बीएलओ को मिलेंगे पहचान पत्र

तीसरे ऐलान के तहत अब हर बीएलओ को एक मानक फोटो पहचान पत्र दिया जाएगा ताकि जब वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें तो लोग उन्हें आसानी से पहचान सकें। साथ ही भरोसे से बात कर सकें। हालांकि मामले में चुनाव आयोग का कहना है कि ये सभी कदम विश्वास, पारदर्शिता और सहूलियत बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास हैं।

## खबर संक्षेप

### अजमेर के होटल में आग में 4 की मौत



**अजमेर।** यहां के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह नाज होटल में 8 बजे भीषण आग लग गई। लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। एक मां ने बचने का कोई रास्ता नहीं देख डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया, हालांकि वह बच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे बचा लिया।

### इस बार आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे। अगर केंद्र सरकार इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है तो 'घर में घुस कर बैठ जाना'। पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल कह रहे हैं कि इस बार आतंकवाद का खात्मा होना ही चाहिए।

### गुणवत्ता जांचने 20 को लॉन्च होगा 'डिपो दर्पण'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च करने जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के खाद्यान्न भंडारण डिपो में उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी इस डिजिटल पहल का उद्घाटन करेंगे। इस 2,278 गोदामों को जोड़ा जाएगा।लोगों को सहूलियत होगी।

### अमृतसर से दो हथगोले तीन पिस्तौल बरामद



**पंजाब।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने अमृतसर जिले के एक गांव से दो हथगोले समेत हथियारों तथा गोलाबारूद का जखीरा बरामद किया है। भरोपाल गांव के पास बीएसएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान यह बरामदगी हुई। टीम ने दो हथगोले, तीन पिस्तौल, छह मैगजीन और 50 कारतूस बरामद किए।

### कोटा में खदान में मिले मां और बेटी के शव



**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर से एक दर्दनाक हादसे की खबर है। बूंदी जिले के एक गांव में पानी से भरी खदान से एक महिला और उसकी 14 महीने की बेटी के शव बरामद किए गए। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। कैलाश ने 24 अप्रैल को पत्नी विनीता और बेटी रिया की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## मुंबई में विश्व दृश्य- श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन की शुरुआत

# दुनिया के लिए सृजन का यही समय, सही समय संस्कृति, रचनात्मकता व कनेक्ट की लहर चली

### पीएम मोदी ने वेव्स को सृजनात्मकता का उत्सव बताया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाट्न किया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'।

इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी नींव है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये संस्कृति, रचनात्मकता, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर है।

**टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'**

### फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बनेगा

उन्होंने कहा कि आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बन रहा है। लाइव कॉन्सर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशनल मार्केट का आकार 430 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले 10 सालों में ये दोगुना हो सकता है। ये भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।

**10,000** से अधिक प्रतिनिधि

**1,000** क्रिएटर्स

**300** से अधिक कंपनियां

**350** से अधिक स्टार्टअप

**90** से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी

### भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल




पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' का सही समय है। आज जब दुनिया कहानी सुनाने के नए तरीके ढूंढ रही है तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना समय से परे है, सोच का दायरा बढ़ाने वाला है और वास्तव में वैश्विक है। ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

**वेव्स हर कलाकार क्रिएटर का वैश्विक मंच**

पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

### सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च किए

पीएम ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वेव्स में भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। पीएम ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हम ने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। मैं कभी गेमिंग, संगीत, निर्माताओं चमकने वाले चेहरों से मिला।

**उद्योगपति अंबानी ने कहा**

### भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब



दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

**समिट में बोले रजनीकांत**

### पीएम योद्धा, वे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम



अभिनेता रजनीकांत ने पहलगाम हमले के बारे में बात की। रजनीकांत ने मोदी को योद्धा कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

**100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र:** पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

## रिकॉर्डिंग गृह मंत्रालय से साझा की

# नंदू गैंग की सक्रियता दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को मिली 'जेड श्रेणी' सुरक्षा

गैंग के बीच हो रही बातचीत की रिकॉर्डिंग गृह मंत्रालय से साझा की गई। वीआईपी सुरक्षा देख रही समिति ने तत्काल वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा वाई कैटेगरी से बढ़ा कर जेड कर दी। सचदेवा को मार्च 2023 में दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खुफिया तंत्र खासकर आईबी को कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के गुर्गे की बातचीत मिली तो सुरक्षा तंत्र हरकत में आई। बातचीत में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा निशाने पर थे। गैंग के बीच हो रही बातचीत की रिकॉर्डिंग गृहमंत्रालय से साझा की गई। वीआईपी सुरक्षा देख रही समिति ने तत्काल वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा वाई कैटेगरी से बढ़ा कर जेड कर दी।

सूत्रों ने बताया कि मिली जानकारी की गंभीरता का आंकलन किया जा रहा है। जरूरत महसूस हुई तो दिल्ली भाजपा अध्यक्ष की सुरक्षा को और सख्त किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया, सचदेवा को धमकी भरे फोन कॉल प्राप्त हुए थे, और पूर्व आम आदमी पार्टी विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी के बाद खतरे की आशंका बढ़ गई थी।

दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा के तहत 20-22 सुरक्षाकर्मियों के घेरे में रहेंगे। जिसमें 4-6 कमांडो और अन्य पुलिस कर्मी शामिल हैं, साथ ही एक पायलट वाहन भी उनके काफिले के साथ हमेशा मुस्तैद रहेगा। दिल्ली भाजपा में अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री



मनिंदरजीत सिंह सिरसा के बाद अब वीरेंद्र सचदेवा तीसरे नेता होंगे जिन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा घेरे में रखा गया है।

वीरेंद्र सचदेवा को मार्च 2023 में दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, और वह 1988 से राजनीति में सक्रिय हैं। उन्होंने 2022 के दिल्ली नगर निगम चुनावों में पार्टी की हार के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था। हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा ने उनके नेतृत्व में 70 में से 48 सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी को सत्ता से हटाया और 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार बनाई।

# गेहूं की खरीद 250 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई, किसानों को 62155 करोड़ रुपए का भुगतान

## देश के प्रमुख राज्यों में गेहूं की खरीदारी सुचारू रूप से चल रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश भर के प्रमुख राज्यों में रबी विपणन वर्ष (आरएमएस) 2025-26 के दौरान गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है। आरएमएस 2025-26 के दौरान गेहूं की खरीद के लिए निर्धारित 312 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) के अनुमानित लक्ष्य की तुलना में अब तक केंद्रीय पूल में 256.31 एलएमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयइस वर्ष 30 अप्रैल तक गेहूं की खरीद पिछले वर्ष के 30 अप्रैल तक की कुल खरीद 205.41 एलएमटी से अधिक हो चुकी है, जो 24.78 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। गेहूं की खरीद करने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक गेहूं की खरीद की है।

आरएमएस 2025-26 के दौरान कुल 21.03 लाख किसान लाभान्वित हो चुके हैं तथा कुल एमएसपी भुगतान 62155.96 करोड़ है। खरीद में प्रमुख योगदान पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का है, जहां क्रमशः 103.89 एलएमटी, 65.67 एलएमटी, 67.57 एलएमटी, 11.44 एलएमटी और 7.55 एलएमटी गेहूं की खरीद की गई। आरएमएस 2025-26 में खरीद अवधि अभी भी शेष है, इसलिए देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं की खरीद के पिछले वर्ष के आंकड़ों को पर्याप्त अंतर से पार करने की ओर अग्रसर है।

इस वर्ष गेहूं की खरीद में हुई बढ़ोतरी खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के ठोस प्रयासों का परिणाम है, जिनकी शुरुआत पिछले वर्षों से प्राप्त सीखों के आधार पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार करने और राज्यों के साथ पहले से ही साझा करने से हुई। इन प्रयासों के अंतर्गत किसानों का पंजीकरण, खरीद केंद्रों की तैयारी, किसानों को एमएसपी का समय पर भुगतान आदि पर नियमित आधार पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से संबंधित राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की गई। अधिकांश मामलों में, किसानों को एमएसपी का भुगतान 24 से 48 घंटों के भीतर किया गया।

## शीर्ष कोर्ट ने 2015 के निर्देश को दोहराया और कहा

# ताजमहल के 5 किमी के भीतर बिना हमारी अनुमति के पेड़ नहीं काटे जाएं

## अधिकारियों को शर्तों का अनुपालन करने को भी कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के 5 किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किमी की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रभागीय वन अधिकारी की अनुमति की जरूरी है। अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।



### 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा

पीठ ने कहा कि ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। कोर्ट समिति से अनुशंसा मांगेगी और पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। जब तक पेड़ों को काटने कीजरूरत न हो, अधिकारी को शर्त लगानी होगी।

## विधानसभा चुनाव से पहले ताड़ी को लेकर सियासत तेज, जनता को लुभाने नए हथकंडे अपनाए जा रहे

# बिहार की राजनीति में तेजस्वी ने अब चला 'ताड़ी दांव', चिराग का भी मिला समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत नासाज रहने का असर नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर पड़ना तय माना जा रहा है। यही वजह है कि जदयू के अति पिछड़े वोट बैंक पर राजद नेता तेजस्वी यादव की नजर है। उन्होंने पासी सम्मेलन बुलाकर ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर करने की वकालत कर खूब वाह वाही बटोरी। पासी वोटरों पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की भी नजर है। सो वो भाजपा, जदयू के साथ रहते हुए भी इस मामले को लेकर तेजस्वी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। बिहार में शराबबंदी की वजह से ताड़ी की बिक्री पर भी प्रतिबंध है। नीतीश ने शराब और ताड़ी को एक ही श्रेणी में रखकर बंदी की पॉलिसी बनाई थी। ताड़ी बंद होने से पासी समुदाय का काम खत्म हो गया। तेजस्वी और चिराग का मानना है शराब एक विधि से बनाई जाती है जबकि ताड़ी प्राकृतिक है। ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर करना चाहिए। ताड़ी बिहार में नए चुनावी समीकरण बना रहा है।



बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले ताड़ी (ताड़ और खजूर के पेड़ों के रस से बना पारंपरिक पेय) को लेकर सियासत तेज हो गई है। तेजस्वी और चिराग ने ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर करने की मांग उठाकर पासी समुदाय के वोटरों को लुभाने की रणनीति अपनाई है। यह मुद्दा पासी समुदाय की आजीविका से जुड़ा होने के साथ नीतीश की शराबबंदी नीति की विफलता को उजागर करने का हथियार बन गया है। दोनों नेताओं की इस मांग ने बिहार की जातिगत और सामाजिक राजनीति में नए समीकरण बनाए हैं, खासकर दलित और अति पिछड़ा वर्ग के बीच। बिहार में अप्रैल 2016 से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद शुल्क अधिनियम, 2016 के तहत पूर्ण शराबबंदी लागू है। इस कानून ने ताड़ी को भी शराब की श्रेणी में शामिल कर लिया, जिससे पासी समुदाय की पारंपरिक आजीविका पर गहरा असर पड़ा। ताड़ी को 8फीसदी से अधिक अल्कोहल सामग्री होने पर शराब माना जाता है, और इसे बेचने या बनाने पर 7 साल तक की जेल का प्रावधान है। पासी समुदाय, जो पीढ़ियों से ताड़ और खजूर के पेड़ों से ताड़ी निकालने का काम करता है, इस कानून से सबसे अधिक प्रभावित हुआ। अनुमानित 5 लाख पासी परिवारों की आजीविका छिन गई। 2023 बिहार जाति सर्वेक्षण के अनुसार, पासी समुदाय की आबादी 12 लाख 88 हजार 31 (लगभग 1 फीसदी से कम) है, जो महादलित श्रेणी में आता है और बिहार की अनुसूचित जातियों का 19.65फी सदी हिस्सा है। पासी वोटर 50 से अधिक विधानसभा सीटों (खासकर मगध, मिथिलांचल, और कोसी क्षेत्रों में) पर निर्णायक भूमिका निभाते हैं, जिससे वे चुनावी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। ताड़ी न केवल पासी समुदाय की आजीविका का आधार है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सस्ता और स्थानीय पेय है, जो गरीब और मध्यम वर्ग में लोकप्रिय है।

तेजस्वी ने पासी समुदाय से ताड़ी को शराबबंदी से बाहर करने का वादा किया। अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर किया जाएगा और इसे प्राकृतिक पेय का दर्जा दिया जाएगा। ताड़ी व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देकर इसे संगठित क्षेत्र में लाया जाएगा, जिससे पासी समुदाय को आर्थिक लाभ होगा। ताड़ी बेचने के आरोप में दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाएगा और प्रभावित परिवारों को राहत दी जाएगी नीरा और ताड़ी आधारित उत्पादों (जैसे गुड़, सिरका) को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और सब्सिडी दी जाएगी।

तेजस्वी ने शराबबंदी को विफल और दमनकारी नीति करार दिया। उनके अनुसार, 12.80 लाख लोग शराबबंदी उल्लंघन में जेल गए, जिनमें 99 फीसदी दलित और ईसीबी समुदाय के हैं। 2000 से अधिक मौतें जहरीली शराब से हुईं, जिनके लिए सरकार ने कोई मुआवजा नहीं दिया। उन्होंने दावा किया 2022-2023 में महागठबंधन सरकार के दौरान उपमुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने नीतीश से ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर करने की मांग की थी।

'विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) 2025

# भारत का मीडिया व मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब डॉलर पार होगा: अंबानी

**मुंबई (भाषा)।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और विभिन्न क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अंबानी का रिलायंस समूह भारत के सबसे बड़े मीडिया समूहों में से एक 'नेटवर्क 18' के साथ-साथ डिजिटल मंच, मनोरंजन चैनल तथा ऑनलॉइन मंच को नियंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि कहानी कहने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के मिश्रण ने रणनीतिक व आर्थिक अवसर उत्पन्न किया है। अंबानी ने 2025 'विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) के उद्‌घाटन सत्र में कहा, '' भारत का मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग आज 28 अरब अमेरिकी डॉलर का है। अगले दशक में यह 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। यह वृद्धि उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी, लाखों



नौकरियां सृजित करेगी और सभी क्षेत्रों में प्रभाव डालेगी।'' उन्होंने कहा कि भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है और कहानी कहने तथा डिजिटल प्रौद्योगिकियों का मिश्रण भारत के लिए अद्वितीय है। अंबानी ने कहा, '' इसने मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभवों के प्रभाव व पहुंच को कल्पना से परे कई गुना बढ़ा दिया है। कृत्रिम मेधा (एआई) और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) के उपकरण हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों एवं संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुंचा सकते हैं।'' रिलायंस समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि इन उपकरणों में निपुणता हासिल कर भारत के बेहद प्रतिभाशाली युवा रचनाकार हिट फिल्मों के साथ वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। उन्होंने कहा, '' ...हमारी कहानियां एकजुट करने, प्रेरित करने और समृद्ध बनानें की अपनी क्षमताओं के साथ बेहतर भविष्य की उम्मीद देती हैं। '' अंबानी ने कहा कि भारत का मनोरंजन और सांस्कृतिक उद्योग सिर्फ 'सॉफ्ट पावर' नहीं है यह वास्तविक शक्ति है। हमारी 5,000 वर्षों से अधिक पुरानी सभ्यता की विरासत में, हमारे पास रामायण व महाभारत से लेकर दर्जनों भाषाओं में लोककथाओं और ग्रंथ तक कालातीत कहानियों का विशाल खजाना है। वे दुनिया भर के लोगों के दिलों को छूते हैं क्योंकि ये सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों...भाईचारा, करुणा, साहस, प्रेम, सौंदर्य और प्रकृति की देखभाल से भरपूर हैं।'' अंबानी ने कहा, '' कोई भी देश भारत की कहानी कहने की क्षमता से मेल नहीं खा सकता। इसलिए, बड़े आत्मविश्वास व रचनात्मकता के साथ आइए हम अपनी कहानियों को वैश्विक स्तर पर ले जाएं ताकि विभाजित दुनिया को बेहतर बना सकें।'' उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत वर्तमान में आधुनिक प्रौद्योगिकियों की शक्ति से अभूतपूर्व कायाकल्प का अनुभव कर रहा है। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए अंबानी ने कहा कि सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति 'उम्मीद, एकता और अडिग संकल्प' का एक मजबूत संदेश देती है।

## यूट्यूब की भारतीय 'कंटेंट' तैयार करने वालों पर 850 करोड़ रुपये निवेश की योजना: सीईओ

**मुंबई (भाषा)।** वीडियो शेयरिंग मंच यूट्यूब ने भारतीय 'कंटेंट' तैयार करने वालों, कलाकारों और मीडिया कंपनियों की वृद्धि को तेज करने के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। यूट्यूब के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नील मोहन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में यूट्यूब ने पूरे भारत में रचनाकारों, कलाकारों और मीडिया कंपनियों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। पिछले साल भारत में तैयार वीडियो सामग्री (कंटेंट) को देश के बाहर के दर्शकों ने 45 अरब घंटे तक देखा। मोहन ने यहां विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के उद्‌घाटन दिवस पर आयोजित एक सत्र में कहा, /''अगले दो वर्षों में यूट्यूब भारतीय रचनाकारों, कलाकारों और मीडिया कंपनियों की वृद्धि में तेजी लाने के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा।/'' उन्होंने कहा कि भारतीय 'कंटेंट क्रिएटर' इस बात का उदाहरण हैं कि भारत में क्या खास है और वह दुनिया के हर कोने में मौजूद दर्शकों के साथ इतिहास, संस्कृति और जुनून को साझा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक प्रकाश स्तंभ बना दिया है, जो उनकी खुद की उल्लेखनीय डिजिटल उपस्थिति से स्पष्ट है।

## के आर, मंगलम विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ 17वां राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता (समूह स्तर)



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 17 वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता (समूह स्तर) का सफल आयोजन 29 अप्रैल 2025 को के. आर, मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुयाम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे माननीय डॉ सत्यपाल सिंह, कुलपति गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री, 16वीं एवं 17वी लोकसभा के पूर्व सांसद एवं मुंबई पुलिस के पूर्व पुलिस आयुक्ता डॉ. सिंह ने युवाओं की संबोधित करते हुए लोकतंत्र की शक्ति, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. शालिनी शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, मार्कण्डेय राष्ट्रीय महाविद्यालय, शाहबाद (मार्कण्डेय), एवं डॉ. विनय कुमारी जैन, प्रधानाचार्य, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लोहीनकला, नूंह, उपस्थित रही। दोनों ने शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) रघुवीर सिंह, प्रो मेहराजुद्दीन मीर, प्रो. वरुणा त्यागी एवं पो, कावेरी शमी द्वारा किया गया। युवा संसद संयोजक, सुश्री गर्गी सिंह द्वारा सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। उन्होंने युवा संसद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच युवाओं में विचार अभिव्यक्ति, संवैधानिक चेतना और नेतृत्व कौशल को सुदृढ करता है।


## कॉग्निजेंट 2025 में 20,000 नए पेशेवरों की करेगी नियुक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कॉग्निजेंट ने 2025 में 20,000 नए पेशेवरों को नियुक्त करने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य कंपनी के प्रतिभा ढांचे को नया आकार देने के साथ प्रबंधित सेवाओं और कृत्रिम मेधा आधारित सॉफ्टवेयर विकास को समर्थन देना है। हालांकि कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या पिछली तिमाही की तुलना में लगभग 3,36,300 पर स्थिर रही। कंपनी की भारत में कर्मचारियों की संख्या अच्छी-खासी है। कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस. ने कहा, '' जैसा कि हमने निवेशक दिवस पर कहा था, हम अपनी रणनीति के तहत 20,000 नए पेशेवरों को नियुक्त कर रहे हैं जो पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। कुमार ने बताया कि इस वर्ष कंपनी अधिक संख्या में नए स्नातकों को नियुक्त करने की योजना बना रही है, ताकि अधिक मजबूत कार्यबल ढांचे का निर्माण किया जा सके। खासकर तब जब पिछले दो वर्षों में प्रबंधित सेवा परियोजनाओं में वृद्धि हुई है। सीईओ ने कहा कि कंपनी तीन क्षेत्रों...नए पेशेवरों (फ्रेशर्स) को काम पर रखने, कृत्रिम मेधा (एआई) के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने और मानव पूंजी लागत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए उपयोग में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।



## शेयर बाजार अप्रैल में चुनौतियों से आगे निकला सेंसेक्स चार फीसदी उछला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी सीमा शुल्क और भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीएसई सेंसेक्स में पिछले महीने करीब चार प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी, दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से अधिक बारिश होने के अनुमान और संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद ने इस सकारात्मक धारणा को बल देने का काम किया। इसके अलावा, पिछले कुछ महीनों में बाजार में आई गिरावट के बाद शेयरों के मूल्यांकन में आई नरमी ने भी खरीदारी को नए सिरे से बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले महीने कुल 2,827.32 अंक यानी 3.65 प्रतिशत बढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 814.85 अंक यानी 3.46 प्रतिशत चढ़ा। इस तेजी के बीच अप्रैल महीने में निवेशकों की संपत्ति 10.37 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,23,24,763.25 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। यह लगातार दूसरा महीना है जब सेंसेक्स एवं निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए हैं। मार्च के महीने में भी सेंसेक्स में 4,216.82 अंक यानी 5.76 प्रतिशत और निफ्टी में 1,394.65 अंक यानी 6.30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी।



## भारत की जीडीपी 6.7 फीसदी के बीच ही बढ़ेगी : डेलॉयट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेलॉयट ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि के 6.5 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि बजट में प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन से अनिश्चित वैश्विक व्यापार वातावरण के बीच घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डेलॉयट के भारत अर्थव्यवस्था परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया। साथ ही कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक परिदृश्य उभरते व्यापार संबंधों तथा घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बीच एक नाजुक संतुलन पर टिका है। इसमें कहा गया, '' चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दो विरोधी ताकतों पर निर्भर करेगा।'' पहला कारक उपभोक्ता खर्च बढ़ाने के उद्देश्य से कर प्रोत्साहन का सकारात्मक प्रभाव होगा (जैसा कि केंद्रीय बजट 2025 में घोषित किया गया है)। दूसरा एवं विरोधी कारक, वैश्विक व्यापार तंत्र में अनिश्चितता है जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित नकारात्मक प्रभाव होगा। इसमें कहा गया, '' कर प्रोत्साहन और व्यापार अनिश्चितताओं के परस्पर प्रभाव से चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 6.7 प्रतिशत के बीच रह सकती है।



## श्री एस.एम. रामनाथन को बीएचईएल का निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति के पश्चात. 58 वर्षीय श्री एस. एम. रामनाथन ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम के निदेशक (आईआर एंड ई) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री रामनाथन आईआईटी मद्रास से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक है, जिन्होंने स्ट्रेस और वाइब्रेशन एनालिसिस में एम.टेक और आईसीडब्ल्यूए (कॉस्ट अकाउंट्स) की डिग्री प्राप्त की है। वे इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया के फैलो सदस्य भी हैं। उन्होंने 1988 में कंपनी के हाई पेशर बॉयलर प्लांट



(एचपीबीपी), तिरुचिरापल्ली में इंजीनियर ट्रेनी के रूप में बीएचईएल में अपने करियर की शुरुआत की और 1989 में इन्हें सर्वश्रेष्ठ इंजीनियर ट्रेनी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री रामनाथन को कंपनी के अनेक प्रमुख कार्य क्षेत्रों में काम करने का 37 वर्षों का विविध और व्यापक अनुभव है, जिनमें परिचालन के विभिन्न क्षेत्र जैसे इंजीनियरिंग, डिजाइन, अनुसंधान एवं विकास, रणनीतिक प्रबंधन और वाणिज्यिक, सामग्री प्रबंधन, रखरखाव, उत्पादन, फील्ड इंजीनियरिंग सेवा आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्होंने बीएचईएल की रानीपेट, तिरुचिरापल्ली और भोपाल स्थित विनिर्माण इकाइयों में वित्त के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान किया है। यह पदभार प्राप्त होने से पूर्व, श्री रामनाथन बीएचईएल के कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यपालक निदेशक (ओएसडी है, आर एंड डी) के साथ-साथ कंपनी के भोपाल स्थित हैवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी) का भी नेतृत्व कर रहे थे। इससे पहले, नवंबर 2023 में, उन्हें कार्यपालक निदेशक एवं एचपीबीपी, तिरुचिरापल्ली तथा बॉयलर ऑक्सिजलरीज प्लांट, रानीपेट के प्रभारी के रूप में पदोन्नत किया गया था।

## आईटी के ईआरपी, डीएसएम, एचआईएमएस के बाद अब बैंकिंग के लिए भरुवा सॉल्यूशंसका

**नई दिल्ली।** पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने एआई-संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360° बैंकिंग ईआरपी सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की।



यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिक सीबीएस प्लेटफ़ॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं:1.भाषा समावेशिता-भारत की भाषाई विविधता के साथ, अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं। बीएसपीएल का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी - सभी नागरिकों के लिए पहुँच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है। ज्यादा सुरक्षा- प्लेटफ़ॉर्म में डेटा, लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक एआई और साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।

## बीते वित्त वर्ष सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से कुल निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 825 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष में वैश्विक व्यापार बाधाओं के बावजूद सेवा निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ इसके 386.5 अरब डॉलर तक पहुंचने के कारण कुल निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। रिजर्व बैंक द्वारा मार्च के सेवा निर्यात के आंकड़े जारी करने के बाद, 15 अप्रैल को घोषित वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश के कुल निर्यात अनुमान को संशोधित कर 824.9 अरब डॉलर कर दिया गया है। इससे पहले इसके 820.93 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया था। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निर्यात 778.13 अरब डॉलर का हुआ था। आंकड़ों से पता चला है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सेवा निर्यात 13.6 प्रतिशत बढ़कर 387.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 341.1 अरब डॉलर था। मार्च में, सेवा निर्यात 18.6 प्रतिशत बढ़कर 35.6 अरब डॉलर रहा, जबकि मार्च 2024 में यह 30 अरब डॉलर था। निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले मुख्य क्षेत्रों में दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवाएं, परिवहन, यात्रा और वित्तीय सेवाएं शामिल हैं। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, '' भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 6.01 प्रतिशत बढ़कर ऐतिहासिक 824.9 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष में 778.1 अरब डॉलर था।''

## बैठक में सुरों की महफिल, पद्म पुरस्कार विजेताओं को समर्पित हुआ संगीतमय शाम

**नई दिल्ली।** संगीत, बद्धा और राष्ट्र गौरव से सजी एक भव्य संगीतमयी संध्या 'बैठक का आयोजन दिल्ली के मीरी फोर्ट रोड स्थित एनसीयूआई ऑडिटोरियम में हुआ। यह कार्यक्रम देश के तीन प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार में सम्मानित संगीत मनीषियों डॉ. एल. सुब्रमण्यम, डॉ. जसपिंदर नरूला और कविता कृष्णमूर्ति को समर्पित था, जिन्होंने दशकों तक अपनी साधना और प्रतिभा से भारतीय संगीत को समृद्ध किया।

डॉ. एलः सुब्रमण्यम को भारतीय वायलिन को वैश्विक मंच तक पहुंचाते और फ्यूजन म्यूजिक में अग्रणी बोगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ जसपिंदर नरूला, जो अपनी सशक्त आवाज और भावपूर्ण गायकी के लिए जानी जाती हैं. उन्हें बॉलीवुड और शास्त्रीय संगीत में उनकी उल्लेखनीय यात्रा के लिए सराहा गया। वहीं, भारतीय फिल्म संगीत की दिग्गज गायिका कविता कृष्णमूर्ति को उनके 50 बर्षों की संगीत साधना के



लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री थी मुख्तार अब्बास नकवी और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष वी विजेंद्र गुमा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की खाम प्रस्तुति में गायिका बंकिता पाठक ने जसपिंदर तस्ता और कविता कृष्णमूर्ति के नोकप्रिय गीतों की संगीतमयी अलक पेश की, जिससे समां और भी रंगीन हो गया। बोताओं के अनुरोध पर जगपिंदर नहला और कविता कृष्णमूर्ति ने भी मंत्र पर बाकर अपने प्रसिद्ध गीतों की प्रस्तुति दी।

## शिक्षाविदों को किया गया सम्मानित, वर्ल्ड एजुकेशन ममिट में एआई पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पार्क होटल में हुए वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2025 में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते तरीकों, तकनीक के इस्तेमाल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाष पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने बालों में एसआरएम यूनिवर्सिटीएपी, जॉनसन ग्रामर स्कूल आईसीएसई और आईएमसी, मल्लापुर, एडमिशनज्ञान एजुकेशन कसल्टेंसी, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्रोलॉजी एंड साइमेज फॉर विमेन, श्री सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, राठौड्स आईएएस एकेडमी और थी पी. बेकटा रमेश सहित कई प्रतिक्षित संस्थान और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथियों के रूप में राज भूषण चौधरी (माननीय राज्य मंत्री, जल बक्ति मंत्रालय, भारत सरकार), निवेश रोविल कुमार (काउंसलर, फिजी हाई कमीशन) और मोहन सिंह विष्ट (विधायक, दिल्ली विधानसभा उपस्थित रहे। इस दौरान, राज भूषण चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, जन शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने कहाः विकसित भारत को दुनिया की सप्लाई बनाने के लिए मोदी सरकार ने दूरदर्शिता के साथ अनेक डोस कदम उठाए हैं। नई शिक्षा नीति और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे युवाओं की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन और हर घर नल जैसी योजनाओं से देश के हर कोने में विकास की रोशनी पहुंच रही है।




## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## क्रेडिफिन का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में बढ़कर 1.67 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 80.92 प्रतिशत बढ़कर 1.67 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में यह 92.10 लाख रुपये था।क्रेडिफिन (पूर्व में पीएचएफ लीजिंग लि. ) की आय मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 79.86 प्रतिशत बढ़कर 19.63 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 10.91 करोड़ रुपये थी।पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 32.16 प्रतिशत बढ़कर 5.14 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 3.89 करोड़ रुपये था।जालंधर मुख्यालय वाली एनबीएफसी की कुल आय आलोच्य वित्त वर्ष में 82.82 प्रतिशत बढ़कर आलोच्य वित्त वर्ष में 63.38 करोड़ रुपये रही जो 2023-24 में 34.67 करोड़ रुपये थी। कंपनी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 31 मार्च, 2024 को बढ़कर 350.77 करोड़ रुपये रही ।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## दुनिया भर में सीईओ का वेतन 2019 के बाद 50 प्रतिशत बढ़ा, कर्मियों का वेतन स्थिरः ऑक्सफैम

**नई दिल्ली (भाषा)।** कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और सामान्य कर्मचारियों के वेतन में असमानता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। वैश्विक सीईओ का औसत वेतन 2019 के बाद वास्तविक रूप से 50 प्रतिशत बढ़ा है जबकि कर्मचारियों के औसत वेतन में बढ़ोतरी सिर्फ 0.9 प्रतिशत है। ऑक्सफैम की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। भारत में कंपनियों के सीईओ का सालाना वेतन भी औसतन 20 लाख डॉलर पहुंच चुका है। यह अध्ययन बताता है कि सीईओ और आम कर्मचारियों के बीच वेतन की खाई चौंकाने वाले स्तर तक बढ़ चुकी है। हकीकत यह है कि अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की आय से कहीं ज्यादा कमाई कर रहे हैं।

## अडानी पावर ने चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2025 के नतीजे घोषित किए

**अहमदाबाद।** अदानी पावर लिमिटेड, अदानी पोर्टफोलियो कंपनियों का एक हिस्सा ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, अदानी पावर लिमिटेड के सीईओ, एस बी ख्यालिया ने कहा, "अदानी पावर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है, जो अदानी पोर्टफोलियो कंपनियों की ताकत और लचीलेपन को सही ढंग से प्रदर्शित करता है। जैसे-जैसे हम क्षमता विस्तार के अगले चरण में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हम अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को तेज करने और प्रमुख मापदंडों में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व का विस्तार करने के लिए पूंजी और लागत दक्षता को प्राथमिकता दे रहे हैं। हम व्यवसाय को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए अपनी गहरी, क्रॉस-डोमेन विशेषज्ञता का उपयोग कर रहे हैं ताकि लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देना जारी रखा जा सके। स्थिरता के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता, जिसने हमें कई मामलों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ थर्मल पावर उत्पादकों में शुमार किया है, हमारी विकास यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।" एपीएल ने ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के मिश्रण के माध्यम से 2030 तक अपनी मौजूदा क्षमताओं को 17,550 मेगावाट से बढ़ाकर 30,670 मेगावाट करने का काम शुरू किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**


**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सचिन प्रसाद पांडे,** निवासी- फ्लैट नं. 2 पूजा अपार्टमेंट प्रथम तल दत्तावाड़ी नागपुर, महाराष्ट्र 440023 और ए4 बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर महिपालपुर एक्सटेंशन मेन वसंत कुंज रोड, नई दिल्ली 110037 ने **सीटी संख्या 28362/2016 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना बाराखंभा रोड, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन प्रसाद पांडे** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन प्रसाद पांडे** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सचिन प्रसाद पांडे, सीटी संख्या 28362/2016 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना बाराखंभा रोड, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 31.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव कुमार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कोर्ट नंबर 13, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5034/NDD/2025

## शब्द पहेली - 5854




**बाएँ से दाए-**
1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5853 का हल







# गुजरात को प्लेऑफ के लिए जीत जरूरी, हैदराबाद के लिए आज करो या मरो मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पिछले मैच में मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा।

गुजरात टाइटंस इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से है जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके।



**फार्म में गुजराती खिलाड़ी**

गुजरात के साइ सुदर्शन पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाकर आरेंज कैप ले चुके हैं। वहीं कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सत्र में शीर्ष सात बल्लेबाजों में हैं। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की तेज तिकड़ी प्रभावी रही है। स्पिनरों में राशिद खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फॉर्म में लौटकर 25 रन देकर दो विकेट लिए जबकि वॉशिंगटन सुंदर से उन्हें अच्छा सहयोग मिला।

### हार से सनराइजर्स दौड़ से होगा बाहर

सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्षक्रम की नाकामी से मध्यक्रम पर दबाव बना जिसमें हेनरिक क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी और ईशान किशन फॉर्म में नहीं हैं। पिछले दो मैचों में अभिषेक दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके जबकि हेड ने आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।

### अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का भारी जुर्माना

चेन्नई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में चार विकेट से मिली जीत में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया सूचना में कहा गया, 'यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत इस सत्र में टीम का धीमी ओवरगति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'



अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों और युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के दम पर पंजाब ने चेन्नई को चार विकेट से हराकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

खास खबर

### बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न



**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को गुरुवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते दो कांस्य



**लीमा।** भारत ने आईडब्लूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो कांस्य पदक जीते। ज्योशना साबार ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में कुल 129 किलो (56 और 72) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बुधवार को क्लीन और जर्क में रजत पदक जीता था। युवा लड़कों के 49 किलो वर्ग में हर्षवर्धन साहू ने 197 किलो वजन (87 और 110) उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लीन और जर्क में भी कांस्य जीता था। विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन और जर्क और कुल तीन पदक दिए जाते हैं।

### चेलसी ने लगातार छठी बार जीता महिला सुपर लीग खिताब




**मैनचेस्टर।** चेलसी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेलसी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेलसी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**




जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## इंडियन्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंची


# मुंबई ने लगाया जीत का 'छक्का', रॉयल्स को 100 रन से हरा प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया

एजेंसी ▶▶| जयपुर




रेयान रिकल्टन और रोहित शर्मा के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के तूफान से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 100 रन से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। शुरुआती पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने वाले मुंबई के 11 मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम इतने ही मुकाबलों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है और प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। मुंबई के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कर्ण शर्मा (23 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (15 रन पर दो विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (28 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। रॉयल्स की ओर से सिर्फ जोफ्रा आर्चर (30) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। कप्तान रियान पराग 16 रन बनाकर दूसरे शीर्ष स्कोरर रहे। रिकल्टन ने 38 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 61 रन की पारी खेलने के अलावा रोहित (53 रन, 36 गेंद, नौ चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर मुंबई को बेजोड़ शुरुआत दिलाई। कप्तान हार्दिक पंड्या (नाबाद 48, 23 गेंद, छह चौके, एक छक्का) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 48, 23 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने इसके बाद अंतिम ओवरों में 44 गेंद में 94 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर दो विकेट पर 217 रन तक पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से महेश तीक्षणा (47 रन पर एक विकेट) और पराग (12 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया लेकिन सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पावर प्ले के भीतर ही 47 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी (00) पारी की चौथी ही गेंद पर दीपक चाहर का शिकार बने। उन्होंने विल जैक्स को कैच थमाया। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13) ने अगले ओवर में बोल्ट पर दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। नितीश राणा (09) भी एक रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब चाहर की गेंद पहली स्लिप में रोहित ने उनका कैच टपका दिया। नितीश हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और अगले ओवर में बोल्ट की गेंद पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। बुमराह ने इसके बाद लगातार गेंदों पर पराग (16) और हेटमायर (00) को पवेलियन भेजा। पराग ने मिड विकेट पर रोहित को कैच थमाया जबकि हेटमार गेंद को सूर्यकुमार के हाथों में खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में पांच विकेट पर 62 रन बनाए। शुभम दुबे (15) ने कोर्बिन बॉश पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन हार्दिक की पहली ही गेंद पर लॉन्ग ऑन पर बोल्ट को आसान कैच थमा बैठे। ध्रुव जुरेल (11) ने कर्ण पर छक्का मारा लेकिन इसी स्पिनर को वापस कैच देकर पवेलियन लौट जिससे टीम का स्कोर सात विकेट पर 76 रन हो गया।

### खबर संक्षेप



**वेव्स चैंपियनशिप में खेलेंगे डेनियल, तेजस**

**मुंबई।** भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ द्वारा आयोजित की जा रही वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डेनियल पटेल और तेजसकुमार भोई भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप के भारत चरण में विजेता बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय चरण में पटेल और भोई पांच अन्य देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत चरण में कुल 35,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से ईफुटबॉल और विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 दो खिताबों के लिए शीर्ष आठ प्रतिभागियों में से क्रमशः पटेल और भोई विजेता बने। ईफुटबॉल के विजेता पटेल का सामना मलेशिया, लाओस और थाईलैंड जबकि भोई का सामना नेपाल, श्रीलंका के प्रतिद्वंद्वियों से होगा।

**मुनोज आई-लीग सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

**नई दिल्ली।** श्रीनिधि डेक्कन एफसी के शानदार स्ट्राइकर डेविड कास्टानेडा मुनोज को गुरुवार को आई लीग सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने भले ही नौवें स्थान पर लीग का समापन किया लेकिन मुनोज ने 22 मैच में 17 गोल करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। इंडियन वुमेन्स लीग में गोकुलम केरल एफसी की फजीला इक्वापुट लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष स्कोरर रहीं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार मिला। फजीला ने 24 गोल किए जिससे केरल की टीम 14 मैच में 29 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली ईस्ट बंगाल (37 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही।



**पथिराना की गेंदों को भांपने लगे हैं बल्लेबाज**

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे मथीषा पथिराना का बचाव करते हुए कहा है कि विरोधी बल्लेबाज अब उनकी गेंदों को समझने लगे हैं और उसे बेहतर खेल पा रहे हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई बुधवार को पंजाब सुपर किंग्स से मिली हार के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई।



महिला टी-20 वर्ल्ड कप

## लॉर्डस पर होगा फाइनल 12 टीमें खेलेंगी 33 मैच



एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला टी20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लाडर्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बारह टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल लॉर्डस पर होगा जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लाडर्स के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है। 2017 में लाडर्स पर महिला विश्व कप फाइनल में स्टेडियम खचाखच भरा था और फाइनल के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। हम टूर्नामेंट की तैयारी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे है। हमें यकीन है कि रोमांचक टी20 क्रिकेट न केवल यहां प्रशंसकों को लुभाएगा बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में ओलंपिक मंच पर क्रिकेट की वापसी के लिए 'शोकेस' भी होगा।'

### स्वियाटेक का सेमीफाइनल में गाफ से होगा सामना

**मैड्रिड।** दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गाफ से होगा जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-2, 6-2 से हराया।



## भारतीय मुक्केबाजों ने जीते चार और स्वर्ण

**एशियाई अंडर-15, अंडर-17 चैंपियनशिप में रहे तीसरे स्थान पर**

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय मुक्केबाजों ने पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के आखिरी दिन चार और स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। भारत ने कुल 15 स्वर्ण, छह रजत और 22 कांस्य पदक जीते और कजाखस्तान तथा उजबेकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन भारत के अंडर 17 दल ने चार स्वर्ण पदक जीते और चारों पदक लड़कियों को मिले। खुशी चंद (46 किलो) ने मंगोलिया की अल्तांजुल अल्तांगादास को 3-2 से हराया जबकि आहना शर्मा (50 किलो) और जन्नत (54 किलो) ने उजबेक प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। अंशिका ने 80 प्लस किलोवर्ग में जोर्डन की जाना अलालावनेह को हराकर भारत को एक और स्वर्ण दिलाया।लड़कों के अंडर 17 वर्ग में देवांश (80 किलो) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिन्हें फाइनल में कजाखस्तान के मुखामेदाली रुस्तेमबेक ने 5-0 से हराया। भारतीय अंडर 17 लड़कों की टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।




### सुपरबेट शतरंज में तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानानंदा को 25000 डॉलर मिले।




**चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सूर्यांश शेडगे ने खेला मैच**

# पंजाब के चोटिल मैक्सवेल आईपीएल से बाहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी टीम ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मैक्सवेल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण धुले पिछले मैच से पहले चोट लगी थी। उस मैच में वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल रात को सूर्यांश शेडगे ने खेला जिसमें पंजाब को चार विकेट से जीत मिली।

पंजाब किंग्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, 'ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण सत्र के बाकी मैचों से बाहर। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।' मैक्सवेल के साथी आस्ट्रेलियाई और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले 'जियोस्टार' से कहा था, 'बदकिस्मती से मैक्सवेल की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया है। उसे लगा नहीं था कि चोट इतनी गंभीर होगी लेकिन यह है। उसका स्कैन कराया गया और नतीजा अच्छा नहीं है। लगता है कि वह अब आगे इस टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेगा।' पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, 'हम विकल्प पर फैसला लेंगे।'



### विग्नेश पुथुर बाहर रघु होंगे विकल्प

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने लेग स्पिनर रघु शर्मा को चोटिल विग्नेश पुथुर की जगह टीम में शामिल किया। पुथुर मौजूदा सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। केरल के बाएं हाथ के स्पिनर पुथुर दोनों पिंडलियों में हड्डी के तनाव के कारण बाहर हो गए हैं। 31 वर्ष के शर्मा मुंबई की सहयोगी गेंदबाजी ईकाई का हिस्सा हैं जो अब मुख्य टीम से जुड़ेंगे। वह घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुच्चेरी के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 19.59 की औसत से 57 विकेट लिए हैं जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 56 रन देकर सात विकेट था। इसके अलावा नौ लिस्ट ए मैचों में 14 और तीन टी20 में तीन विकेट ले चुके हैं।

### मैने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की : चहल

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले युजवेंद्र चहल ने कहा कि उन्होंने अपने कौशल पर भरोसा रखते हुए हालात के अनुरुप अपनी लाइन में बदलाव करके गेंदबाजी की। पहले दो ओवर में 23 रन देने वाले चहल ने पहले महेंद्र सिंह धोनी (11) को आउट किया। इसके बाद दीपक हुड्डा (2), अंशुल कंबोज (0) और नूर अहमद (0) को पवेलियन भेजकर आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक बनाई। उन्होंने आईपीएल की वेबसाइड पर डाले गए एक वीडियो में कप्तान श्रेयस अय्यर से बातचीत में कहा, 'मुझे पता था कि माही भाई (धोनी) और दुबे (शिवम) हैं। लेकिन मुझे यह भी लगा था कि इस ओवर में विकेट मिलेगा। मैने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा कि वे मुझे छक्का लगा देंगे। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की कोशिश की और अपनी लाइन बदलता रहा।'



## खबर संक्षेप

### शांति और सौहार्द के साथ न्याय चाहिए

**करनाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के



लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से हत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### यूएस में रह रहा फई भगोड़ा अपराधी घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की एक एनआईए अदालत ने अमेरिका में रह रहे 'लॉबिस्ट'



गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम में एनआईए के विशेष न्यायाधीश के माध्यम से डॉ. गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कराने में सफलता हासिल की है। वडवान निवासी फई फिलहाल अमेरिका में है और यूपीए मामले में आरोपी है।

### द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। हान ने कहा कि



उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने देश के दूसरे अहम पद पीएम के रूप में नियुक्त किया था।

### केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या

**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में विपक्षी नेता सांसद चार्ल्स वर की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर



दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस ने बताया कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे।

# खत्म होगा भक्तों का इंतजार, आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट, 108 क्विंटल फूलों से सजाया मंदिर

## बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग के उखीमठ से रवाना किया था

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग



चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है।

शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।

### ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समितियां

*इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।*

### ओंकारेश्वर मंदिर से इस दिन निकली थी डोली यात्रा

बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ से रवाना किया गया था। डोली यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर मंदिर से हुई, यह बाबा केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल है। जो लोग केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सकते वो शीतकाल के दौरान इसी स्थान पर बाबा केदार के दर्शन कर सकते हैं।

## 30 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 तक प्रभावी रहेगी यह चेतावनी

# अरब सागर में बड़ा फायरिंग अभ्यास करती नौसेना, जारी हुई चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना, वायुसेना देश की जमीनी और हवाई सीमा की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। वहीं, समुद्री क्षेत्र में नौसेना अपने जंगी बेड़े की मदद से दुश्मन की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए अरब सागर में गुजरात तट के करीब अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में एक बड़ा फायरिंग अभ्यास (मिसाइल फायरिंग व अन्य युद्धाभ्यास) कर रही है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इसके लिए भारत ने 30 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 तक के लिए चेतावनी (एनएवी) भी जारी की है। उक्त क्षेत्र के समुद्र तट से करीब 200 नॉटिकल माइल (लगभग 400 किलोमीटर) की दूरी पर भारत का ईईजेड स्थित है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की समुद्री सीमा से लगे गुजरात तट के पास करीब चार से पांच जगहों के लिए भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय द्वारा नेविगेशन एरिया वार्निंग (एनएवी) जारी की गई है।

जिसमें समुद्र में द्वारका, ओखा, पोरबंदर, दीव के अलावा कारवार शामिल है। नौसेना की भाषा में इस चेतावनी के साथ ही संबंधित इलाके की नौसैन्य कमांड के प्रमुख की तरफ से भी निर्देश रहता है कि फायरिंग के दौरान इलाके में न आएं या उससे दूरी बनाए रखें। बताते चलें कि पहले राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय को भारतीय नौसेना हाइड्रोग्राफिक कार्यालय के नाम से जाना जाता था।

### हमले के बाद भारत की दूसरी चेतावनी

बीते 22 अप्रैल हुए हमले के बाद यह दूसरा मौका है जब भारत ने यह चेतावनी जारी की है। पूर्व में नौसेना के आईएनएस सूरत युद्धपोत द्वारा की गई मिसाइल फायरिंग के दौरान भी इस तरह की चेतावनी जारी की गई थी। उधर, भारत की देखा देखी पाकिस्तान की तरफ से भी चेतावनी जारी की गई है।

यहां बता दें कि हाल ही में नौसेना ने अपने आईएनएस सूरत समेत अन्य युद्धपोतों से कई एंटी शिप मिसाइलों की सफलतापूर्वक की गई फायरिंग से अपने लंबी दूरी के सटीक हमलों की तैयारी को प्रदर्शित किया है। दागी गई मिसाइलों में ध्वनि से तीन गुना अधिक गति के साथ अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल भी शामिल रही है।

### नौसेना के अभ्यास के मायने

सूत्रों ने कहा कि उक्त वार्निंग के दौरान नौसेना के जंगी प्लेटफार्म में शामिल युद्धपोत, पनडुब्बी के अलावा अन्य मारक अस्त्र-शस्त्रों के जरिए समुद्र के अंदर और उसकी सतह से फायरिंग की जाती है और उस दौरान संबंधित इलाके से गुजरने वाले अन्य जलीय पोत, जहाजों व वहां पहले से काम कर रही अन्य एजेंसियों को चेतावनी के साथ एक संदेश चला जाता है कि वह फायरिंग की बताई गई समय अवधि तक पर अमुक जगह से होकर न गुजरें व उससे दूरी बनाए रखें। इसके अलावा इस दौरान किसी भी असामान्य गतिविधि को लेकर नौसेना के युद्धपोतों को सतर्क रखा गया है।

### समुद्री सीमा की सुरक्षा करते नौसेना-तटरक्षकबल

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुजरात तट के करीब नौसेना के साथ ही तटरक्षकबल भी देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी सतर्कता के साथ तैनात है। दोनों समुद्री बल किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए एकजुटता से क्षेत्र में हाईअलर्ट के साथ अपनी तैनाती बनाए हुए हैं।


### पहलगाम आतंकी कृत्य का जवाब लेंगे, किसी को नहीं बख्शेंगे: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम हमले में संलिप्त हर आतंकवादी को ढूंढ़ने का संकल्प जताया और कहा कि उन सभी से चुन-चुन कर इस जघन्य कृत्य का जवाब लिया जाएगा। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी आतंकवादी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने यहां असम के बोडो समुदाय के प्रमुख नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्मा की प्रतिमा का अनावरण और एक सड़क के नामकरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। गृह मंत्री ने कहा कि पहलगाम में जिस किसी ने भी यह कायरतापूर्ण हमला किया है, हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। हम हर दोषी को ढूंढ निकालेंगे। मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रही है और 1990 के दशक से कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ मजबूती से लड़ा जा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि यह खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। अगर कोई ये कायराना हमले करके ये समझता है कि हमारी बड़ी जीत है तो ये एक बात साफ तौर से समझ लीजिये, यह नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



## ...अब पाकिस्तान की खैर नहीं

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र



एजेंसी ▶▶ काहिरा

पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। दोनों ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद-रोधी) राजदूत केडी देवल और मिस्र के आतंकवाद-रोधी विभाग के निदेशक राजदूत वालिद अल-फिकी शामिल रहे।

### नई तकनीक का उपयोग करेंगे

भारत और मिस्र ने आतंकवाद के लिए तकनीक के उपयोग और क्रिप्टोकरेंसी, मानव रहित हवाई प्रणालियों सहित आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकवादियों द्वारा साइबरस्पेस के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने धन शोधन विरोधी प्रयासों, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

### रक्षा सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा। इसमें एचएएल, बीईएल, बीडीएल के सीएमडी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के वायु रक्षा प्रमुख, एओआई के चेयरमैन और वायुसेना के चीफ ऑफ स्टाफ से मुलाकात की। मिस्र की ओर से नेशनल अथॉरिटी फॉर मिलिट्री प्रोडक्शन के वीसी और एमडी एमील हेल्मी एलियास ने चर्चा में भाग लिया।

## संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर गरजा भारत

# कहा- आतंकवाद अस्वीकार्य, चाहे कुछ भी शिकायत हो, हम शांति स्थिरता चाहते

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने फिलिस्तीन पर एक बहस के दौरान सुरक्षा परिषद को बताया कि भारत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता देखना चाहता है और हम इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है, चाहे शिकायत कुछ भी हो, इसका समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही किया जाना चाहिए।
पी. हरीश ने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और इजराइल द्वारा आतंकवादी हमले के

### बंधकों को रिहा करें

*पी. हरीश ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से हिंसा छोड़ने, बंधकों को रिहा करने तथा वार्ता के रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान करता है, ताकि सभी लोग सामान्य जीवन जी सकें। संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है तथा इजराइल और फिलिस्तीन को संप्रभु राष्ट्र के रूप में एक साथ रहने का द्वि-राज्य समाधान 'स्थायी और सतत शांति' का सूत्र है।*

## एक ही दिन दो बड़ी नियुक्तियां

# एयर मार्शल दीक्षित ने संभाला सीआईएससी का कार्यभार, त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आशुतोष दीक्षित



तेजिंदर सिंह

वायु सेना के वरिष्ठ फाइटर पायलट एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने गुरुवार को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उन्हें दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इससे पहले एयर मार्शल दीक्षित मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे, जहां उन्होंने उत्तर भारत और मध्य क्षेत्र में परिचालन तैयारियों को सशक्त बनाने में योगदान दिया है।

### सिंह ने प्रशिक्षण कमान का नेतृत्व संभाला

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वे इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल सिंह ने मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में औपचारिक सलामी गारद का निरीक्षण किया और वहां युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर मार्शल सिंह ने जून 1987 में कमीशन प्राप्त किया था करीब 4,500 घंटों से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है।

## अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुआ एमओयू

# खनिज संसाधन समझौते पर किए हस्ताक्षर निवेश और आर्थिक सुधार को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ कीव

अमेरिका और यूक्रेन ने खनिज संसाधन सौदे की घोषणा की। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इस समझौते के बारे में एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका को यूक्रेन के साथ निवेश करने की अनुमति देती है।



यह समझौता यूक्रेन के निवेश के माहौल को बेहतर बनाएगा और यूक्रेन की आर्थिक सुधार को गति देगा।

### यूक्रेन पर रूस का हमलां, 2 की मौत

*यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह रूस ने काला सागर के तटवर्ती शहर ओडेसा में ड्रोन हमले किए। इन हमलों मे दो लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रूस की बमबारी से कई इमारतें तबाह हो गईं। इसमें अपार्टमेंट, घर, सुपरमार्केट और एक स्कूल शामिल है।*

## अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु

# 29 मई को 14 दिन के मिशन पर जाएंगे, पूरी की ट्रेनिंग

*अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय होंगे, नासा, मस्क की स्पेसएक्स और इसरो का संयुक्त मिशन*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास रचने और अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए तैयार हैं। शुक्ला समेत पूरे एक्जियोम-4 क्रू के सदस्यों ने कैलिफोर्निया में स्पेसएक्स के साथ अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। शुक्ला की मॉक ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में उसी सूट में ट्रेनिंग हुई, जिसे पहनकर वे 29 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। वे एक्जियोम स्पेस के एक निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे।



### रात करीब 10:33 बजे उड़ान भरेंगे

यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सहयोग से किया जा रहा है। 14 दिन के मिशन पर जाने वाले एक्जियोम-4 क्रू के सदस्य स्पेसएक्स के शक्तिशाली रॉकेट फाल्कन-9 रॉकेट से नासा के फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से 29 मई की रात करीब 10.33 बजे उड़ान भरेंगे।

### गगनयान मिशन का भी हिस्सा होंगे शुभांशु

शुक्ला को 2019 में भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। इस मिशन पर उनके साथ ही भारत के तीन और अंतरिक्षयात्री जाने वाले हैं। शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कोस्मोनोट ट्रेनिंग सेंटर और इसके बाद बेंगलुरु में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में एस्ट्रोनोट ट्रेनिंग पूरी की। इसरो ने कहा है कि शुभांशु शुक्ला के एक्जियोम-4 मिशन पर जाने से भारत के गगनयान मिशन के लिए समझ बेहतर होगी।

### सात प्रयोग करेंगे

एक्जियोम-4 मिशन के तहत शुक्ला आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे। इनको भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त मस्तिष्क पर पड़ने वाले कॉगनिटिव इफेक्ट का अध्ययन, माइक्रोबियल एडेप्टेशन , मसल एट्रोफी, माइक्रोग्रेविटी में फसल रेजिलिएंस का अध्ययन शामिल है। वे अंतरिक्ष में रहने के दौरान भारतीय संस्कृति का भी प्रदर्शन करेंगे।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलवाद के खिलाफ बड़ा अभियान

# शान से लहराया तिरंगा, कर्रेगुट्टा पहाड़ी को पूरी तरह से सुरक्षा बलों ने नियंत्रण में लिया

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी का इलाका एक समय नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का यह किला भी ढहा दिया और कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहरा दिया है। बीते नौ दिनों से जारी ऑपरेशन कर्रेगुट्टा अभी भी जारी है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर ही नक्सलियों के शीर्ष नेता जैसे



हिडमा, देवा, दामोदर, आजाद और सुजाता का ठिकाना था, लेकिन अब इस पर पूरी तरह से सुरक्षाबलों का नियंत्रण हो गया है और तिरंगा शान से लहरा रहा है। ऑपरेशन कर्रेगुट्टा की शुरुआत 21 अप्रैल को हुई थी।

### अभियान में 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए

ऑपरेशन कर्रेगुट्टा देश में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक है। बस्तर क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन में करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। इनमें डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ समेत राज्य पुलिस की सभी यूनिट के जवान, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवान शामिल हुए। साथ ही हेलीकॉप्टर, ड्रोन यूनिट के जरिए पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी गई। सीएम विष्णुदेव साय ने पूरे ऑपरेशन की मॉनीटरिंग की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109